e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 234
रविवार
27.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार
कोई फायदा नहीं होता जिन्दगी पर लगाम लगाने का ये नहीं मुड़ेगी, आपके मोड़ने से..

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनांक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

रांची का तापमान
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

क्विक न्यूज

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब सूरज की बारी, 2 सितंबर को इसरो लॉन्च कर सकता है आदित्य-एल1 मिशन

नई दिल्ली : भारत के तीसरे लूनर मिशन चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग के बाद अब इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन एक हफ्ते के अंदर पहला सोलर मिशन शुरू करने जा रहा है. स्पेस एप्लिकेशन सेंटर अहमदाबाद के डायरेक्टर नीलेश एम देसाई ने बातचीत में बताया कि इसरो 2 सितंबर को सोलर मिशन आदित्य एल-1 लॉन्च कर सकता है. आदित्य एल-1 सूर्य-पृथ्वी के लैग्रेंजियन पॉइंट पर रहकर सूर्य पर उठने वाले तूफानों को समझेगा. यह पॉइंट पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है. यहां तक पहुंचने में इसे करीब 109 दिन लगेंगे. आदित्य एल-1 मिशन का लक्ष्य एल1 के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है. आदित्य एल-1 सूर्य-पृथ्वी के लैग्रेंजियन पॉइंट पर रहकर सूर्य पर उठने वाले तूफानों को समझेगा. यह पॉइंट पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है. यहां तक पहुंचने में इसे करीब 109 दिन लगेंगे. आदित्य एल-1 मिशन का लक्ष्य एल1 के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है.

यूट्यूब पर देखकर युवक ने खुद किया ईलाज, गंभीर

बालूमाथ : एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के टोटी-हेसला ग्राम में एक युवक ने शनिवार को यूट्यूब पर वीडियो देखकर खुद का इलाज करने का प्रयास किया। जिससे उसकी स्थिति और गंभीर हो गई। उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवधेश कुमार साव 38 वर्ष पिता दिनेश साव ग्राम टोटी-हेसला थाना बरियातू निवासी को दस्त हो रहा था। इसके बाद युवक ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर कपूर की गोली खा लिया। जिससे उसकी स्थिति और गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजनों ने युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

हाई कोर्ट ने पारा शिक्षकों के आरक्षण पर सरकार से जवाब मांग

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को चुनौती दी गई है। बीआरपी एवं सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार एवं झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी।याचिका में जेएसएससी को भी प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई थी। बाद में संविदा कर्मियों को आरक्षण समाप्त कर दिया गया और नियमावली को संशोधित किया। राज्य सरकार ने संशोधित सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनाई है, जिसके तहत अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है।

चिकित्सक की लापरवाही से नसबंदी का ऑपरेशन कराने पहुंची महिला की मौत

गिरिडीह : बगोदर थाना क्षेत्र के जरमुन्ने पूर्वी पंचायत के हरिजन टोला की महिला प्रिंयका देवी नसबंदी का ऑपरेशन के लिए शुक्रवार की शाम बगोदर अस्पताल पहुंची थी। ऑपरेशन के बाद देर रात मौत हो गयी। इधर, महिला की मौत के बाद शनिवार को परिवार के लोगों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने चिकित्सक पर कार्रवाई और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

ग्रीस से सीधे बंगलूरू पहुंचे पीएम, चंद्रयान मिशन के वैज्ञानिकों से मिले

जय विज्ञान-जय अनुसंधान : पीएम मोदी

वैज्ञानिकों की तारीफ करते हुए भावुक हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा

* चांद पर जहां चंद्रयान-3 उतरा, उसे शिव शक्ति के नाम से जाना जायेगा
* मेरी आंखों के सामने 23 अगस्त का वह दिन बार-बार घूम रहा है, जब चंद्रयान ने टच डाउन किया
* नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाया जायेगा 23 अगस्त
* चंद्रमा के जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपने पद चिह्न छोड़े हैं, वह स्थान तिरंगा के नाम से जाना जायेगा
* इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान -3 की सफलता से भारत को गौरवान्वित किया है

एजेंसी
बंगलुरु : दो देशों की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह बंगलूरू पहुंचे। हवाईअड्डे के बाहर नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने जनता को संबोधित किया। संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने एक नया नारा दिया- 'जय विज्ञान-जय अनुसंधान'। पीएम मोदी ने बंगलूरू में रोड शो भी किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगलूरू में चंद्रयान-3 मिशन में शामिल इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ और टीम के अन्य वैज्ञानिकों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने 23 अगस्त को चंद्रमा पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग के लिए पूरी टीम को बधाई दी। मुलाकात इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में हुई। इसके बाद इसरो चीफ ने पीएम मोदी को मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि लैंडर और रोवर कैसे काम कर रहे हैं और आगे वे क्या-क्या करेंगे।

उमंग और उत्साह से भरे हुए हैं दुनिया के लोग

पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के वैज्ञानिक जब देश को इतनी बड़ी सौगात देते हैं, इतनी बड़ी सिद्धी प्राप्त करते हैं तो यह दृश्य जो मुझे बंगलूरू में दिख रहा है, वही दृश्य मुझे ग्रीस में भी दिखा। जोहान्सबर्ग में भी दिखाई दिया। दुनिया के हर कोने में न सिर्फ भारतीय बल्कि विज्ञान में विश्वास करने वाले, भविष्य को देखने वाले, मानवता को समर्पित सब लोग इतने ही उमंग और उत्साह से भरे हुए हैं।

लैंडिंग के दौरान वर्चुअली वैज्ञानिकों को दी थी बधाई

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद पीएम मोदी ने वर्चुअली इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी थी। उन्होंने कहा था कि टीम चंद्रयान, इसरो और देश के सभी वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं, जिन्होंने इस घड़ी के वर्षों तक कड़ी मेहनत की। उत्साह-उमंग और आनंद के इस पल के लिए भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान करता हूं। देश के वैज्ञानिकों के कारण भारत ने इतिहास रचा है। भारत आज चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंच गया, जहां दुनिया का कोई देश नहीं पहुंच सका है। इसरो के कारण अब चांद से जुड़े कई मिथक बदल जाएंगे। उन्होंने कहा था कि अब कहावतें भी बदल जाएंगी। पहले बच्चे कहा करते थे- चंदा मामा दूर के लेकिन अब वह दिन भी आएगा, जब बच्चे कहेंगे- चंदा मामा बस एक टूर के।

वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 की सफलता से भारत को गौरवान्वित किया है

वैज्ञानिकों से मुलाकात से पहले पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि वह आसाधरण इसरो वैज्ञानिकों के साथ बात करने के लिए उत्सुक हैं। वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 की सफलता से भारत को गौरवान्वित किया है। पीएम ने ट्वीट में आगे कहा कि उनका समर्पण और जुनून असल में अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धि के लिए प्रेरक शक्ति है।

ट्रेन में लगी आग, यूपी के 10 पर्यटकों की मौत

एजेंसी
मदुरै : तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के अंदर आग लगने की घटना सामने आई है. मदुरै में रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, लखनऊ से रामेश्वरम जा रही ट्रेन के प्राइवेट पार्टी कोच में आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं. रेलवे ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है. प्राइवेट पार्टी कोच ने 17 अगस्त को लखनऊ से अपनी यात्रा शुरू की थी और कल चेन्नई पहुंचने वाली थे और इसके बाद इसे वहीं से लखनऊ लौटना था.
अधिकारियों के मुताबिक, आग लगने की घटना की सूचना सुबह करीब 5.15 बजे मिली, जब ट्रेन मदुरै यार्ड जंक्शन पर रुकी हुई थी. रेलवे के अनुसार कुछ पैसेंजर अवैध तरीके से गैस सिलेंडर लेकर प्राइवेट पार्टी कोच में घुस गये थे. खबर के मुताबिक, ट्रेन के प्राइवेट पार्टी कोच में लखनऊ से 65 यात्रियों को लेकर एक निजी पार्टी सवार हुई थी.
ट्रेन संख्या 16730 (मदुरै-पुनालूर एक्सप्रेस) आज सुबह 3.47 बजे मदुरै पहुंची. बुक किए गए प्राइवेट पार्टी कोच को पार्क किया गया था इसमें सवार कुछ सदस्य चाय,नाश्ता तैयार करने के लिए अनधिकृत रूप से अवैध रूप से तस्करी किए गए रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग करने लगे.
इसकी वजह प्राइवेट पार्टी कोच में आग लग गई. आग लगने की सूचना पर अधिकांश यात्री कोच से बाहर निकल गए.अन्य किसी कोच को नुकसान नहीं हुआ है.

*** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना पर जताया दुख**

ट्रेन हादसे पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुःख व्यक्त किया है.
सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त करते हुए कहा कि मदुरै ट्रेन दुर्घटना अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है. उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की.
सीएम ने आदेश दिया है कि हादसे में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराया जाए.

सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में मरांडी पर एक और मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता
रामगढ़ : दिशोम गुरु शिबू सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन और सोरेन परिवार के अन्य लोगों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर रामगढ़ झामुमो जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।
बाबूलाल मरांडी पर सोशल मीडिया पर आदिवासी समाज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिशोम गुरु शिबू सोरेन को बदनाम करने का आरोप लगा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। आवेदन में किस्कू ने कहा है कि झारखंड निर्माण में हमारे समाज के कई नेताओं ने बलिदान दिया है। ख़ासकर शिबू सोरेन एवं उनके परिवार द्वारा कठिन संघर्ष एवं त्याग के बाद झारखंड राज्य का निर्माण हुआ।
शिबू सोरेन को दिशोम गुरु के उपाधि से सम्मानित किया गया। किसी भी नागरिक को घृणित और अपमानजनक शब्दों से संबोधित करे, किसी को कोई अधिकार नहीं है।आवेदन में विनोद किस्कू ने कहा है कि 16 अगस्त 2023 सोशल मीडिया पर बाबूलाल मरांडी का बयान आया। जिसमें बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री सह हमारे समाज के सदस्य हेमंत सोरेन के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग एवं टिप्पणी की गई। विनोद किस्कू ने कहा है कि सोशल मीडिया पर इस तरह के बयान आने पर लोगों द्वारा यह कहकर मजाक उड़ाया जा रहा है कि मेरा नेता का पूरा परिवार ही लुटेरा है। इससे मैं अपमानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने रामगढ़ पुलिस से मामला दर्ज का उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मिले लिखित शिकायत के बाद बाबूलाल मरांडी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 196/2023 धारा 153( )/500/504/505 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।रांची के कांके में बीते गुरुवार को भी बाबूलाल मरांडी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

अवैध खनन मामला : सुनील यादव को ईडी कोर्ट में किया गया पेश, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता
रांची : साहिबगंज में एक हजार करोड रुपए के अवैध खनन से जुड़े मामले में गिरफ्तार सुनील यादव को शनिवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। खनन घोटाले में ईडी के आरोपित दाहू यादव के भाई और साहिबगंज जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव को शुक्रवार रात साहिबगंज पुलिस ने उसके भट्ठा स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। दाहु यादव और उसके भाई सुनील यादव ईडी के फरार आरोपित थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए कई बार प्रयास किया गया था, लेकिन हर बार ये लोग पुलिस को चकमा देने में सफल रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए ईडी के समक्ष समर्पण होने का आदेश दिया था। इसके बाद ही साहिबगंज पुलिस द्वारा यह गिरफ्तारी हुई है।

शराब घोटाला : तिवारी बंधुओं से ईडी ने की पूछताछ

रांची: शराब घोटाला मामले में अपनी जांच की दिशा को आगे बढ़ाने के लिए ईडी ने घोटाले के किंगपिन योगेंद्र तिवारी और अमरेंद्र तिवारी से पूछताछ की. ईडी के समन पर दोनों भाई शनिवार की दोपहर एजेंसी के दफ्तर पहुंचे, जहां आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद दोनों से पूछताछ की गई. शराब घोटाले के किंगपिन योगेंद्र तिवारी ने साल 2021-22 में शराब के थोक कारोबार का ठेका हासिल किया था. झारखंड के सबसे बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने अपने राजनीतिक और नौकरशाही में संबंधों के जरिए राज्य में शराब के थोक कारोबार में वर्चस्व स्थापित किया था. साल 2021 में सरकार की थोक शराब नीति लागू होने के बाद योगेंद्र तिवारी ने अपने सिंडिकेट के जरिए 19 जिलों में शराब के ठेकों पर वर्चस्व स्थापित किया था.

जमीन घोटाला: विष्णु अग्रवाल ने ईडी कोर्ट में जमानत याचिका दायर की

रांची : लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु अग्रवाल ने रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में अपनी जमानत के लिए याचिका दायर की है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है. अपनी जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है, और वह पूरी तरह से निर्दोष हैं. इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत अर्जी मंजूर करने की गुहार लगाई है.

डुमरी विधान सभा उपचुनाव

यह शहादत का चुनाव है : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता
बेरमो : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डुमरी विधान सभा क्षेत्र के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तेलो में जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल पत्र लेख भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस दौरान जमकर एनडीए पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चूल्हा प्रमुख के नाम पर महिलाओं को लिफाफा देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लिफाफा जरूर लें लेकिन वोट जेएमएम प्रत्याशी को देने का काम करें। क्योंकि उनके बोरे में जो बेईमानी का धन है उसे इसी माध्यम से आप खत्म करने का काम करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहादत का चुनाव है। इसमें हम लेखा-जोखा देने का काम नहीं करेंगे। लेखा जोखा देने का काम हम 2024 के चुनाव में करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने बेबी देवी को मंत्री बनाने का काम किया है। हमने दिवंगत जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने का काम किया है। मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों ने इस चुनाव को एक जन नेता की शहादत होने पर उपचुनाव होने की बात कही। सभी ने एक स्वर से उपस्थित लोगों से बेबी देवी को वोट देने की अपील करते हुए स्वर्गीय जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने की अपील की। इस दौरान पार्टी प्रत्याशी बेबी देवी ने भी 5 सितंबर को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डुमरी और नावाडीह प्रखंड में कम हुए हैं। वह सभी दिवंगत जगरनाथ महतो की देन है। इस दौरान जेएमएम के कई कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ साथ हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मिलेगा 180 दिन का मातृत्व अवकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता
रांची : राज्य कर्मियों की तर्ज पर संविदा के आधार पर नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों को मातृत्व अवकाश की सुविधा दी जाएगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में शनिवार को संकल्प जारी कर दिया। वित्त विभाग के संकल्प के बाद अन्य विभागों की ओर से निर्देश जारी किये जा रहे हैं।
इसी आलोक में ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड के सभी मनरेगा अंतर्गत संविदा पर कार्यरत महिला क्षेत्रीय कर्मियों को मातृत्व अवकाश के सुविधा अनुमान्य करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को पत्र लिखा है और नियमानुसार मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत महिला क्षेत्रीय कर्मियों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का निर्देश दिया है। 25 जुलाई 2023 कैबिनेट के फैसले के बाद वित्त विभाग ने संबंध में संकल्प जारी किया है। जो महिला कर्मी पिछले 12 महीने में 80 दिन तक संविदा पर कार्य कर चुकी हो उन्हें

180 दिन का मातृत्व अवकाश अनुमान्य होगा। यह अवकाश दो जीवित संतान के उपरांत हुए परिवार पर लागू नहीं होगा। मातृत्व अवकाश के लिए संविदा राशि छुट्टी पर जाने से पहले मिले अंतिम संविदा राशि के बराबर होगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

चैनपुर प्रखंड के बंद घर में लाखों की संपति की चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर के हरभोंगा गांव निवासी पंकज कुमार सिंह के घर में शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पंकज कुमार सिंह ने दावा किया है कि चोर बंद मकान का ताला तोड़कर 2 लाख 40 हज़ार रुपए नगद सहित लगभग 8 लाख रुपए की जेवरात की चोरी की है। पंकज कुमार सिंह ने चैनपुर थाने में इस घटना का आवेदन दिया है। चोरी के उद्भेदन की गुहार लगाई गई है। घटना के संबंध में हरभोंगा निवासी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि उनके घर में चोर ताला तोड़कर सभी कमरे को छानबीन किए और चोरों ने बक्सा गोदरेज का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी लोगो को शनिवार की सुबह हुई। चैनपुर थाना में लिखित आवेदन दे दिया गया है। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया की इस मामले की जांच की जा रही है।

हाउस टु हाउस सर्वे का रांची से आयी टीम ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिले में बीएलओ द्वारा किये जा रहे घर-घर सत्यापन कार्य का शनिवार को मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के स्तर से प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों ने समीक्षा किया। जांच दल में शामिल पदाधिकारियों ने सभी विधानसभा क्षेत्र के चयनित मतदान केंद्रों के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के द्वारा जांच किये गये बीएलओ रजिस्टर एवं वोटर लिस्ट की गहनतापूर्वक जांच की गयी। इसके पश्चात पदाधिकारियों ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को बेहतर तरीके से कार्य निष्पादन करने को लेकर कई निर्देश दिये।

रांची से आयी टीम ने छतरपुर व डाल्टनगंज विधानसभा के विभिन्न बूथों का किया दौरा : रांची से आयी टीम के द्वारा छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 157- उत्क्रमित मध्य विद्यालय,कजरी व डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 323- पंचायत भवन,खामडीह में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन एवं पत्रा वेरिफिकेशन का कार्य का अवलोकन किया गया.इस दौरान टीम के सदस्यों ने मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित कर निर्वाचन से जुड़े विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया। मौके पर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर में राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल की बहनों ने कलात्मक राखी बना कर अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया। वहीं प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने सफल बच्चों को बधाई देते हुए स्वदेशी राखी उपयोग में लाने की अपील की। प्रतियोगिता में शिशु मंदिर स्तर में प्रथम स्थान चतुर्थ कक्षा की बहन रागिनी कुमारी, द्वितीय स्थान तृतीय कक्षा की बहन चांदनी कुमारी, तृतीय स्थान चतुर्थ कक्षा की बहन मोना कुमारी जबकि विद्या मंदिर स्तर में प्रथम स्थान सप्तम की बहन काजल कुमारी द्वितीय स्थान अष्टम की बहन निशु कुमारी तृतीय स्थान नवम की बहन करीना कुमारी को घोषित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मोहन ठाकुर, संजय कुमार सिंह, नीलिमा मेहता, सुनीता कुमारी, अभय मिश्रा, हंसराज गुप्ता, खुशबू कुमारी, प्रिया कुमारी, अंजू कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

तेज रफ्तार कोयला से भरा ट्रक ने पेड़ से टकराया, बाल बाल बचा चालक

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): बंशीधर नगर गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग 75 मुख्य सड़क पर पाल्हे कलां-जतपुरा गांव में शनिवार की बीती रात में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बिजली का खंभा तोड़ते हुए सड़क के किनारे पेड़ में टकरा गई। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रहा की जिस तरह से ट्रक के पेड़ से टक्कर हुई है इस हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। नहीं तो एक बड़ी घटना हो सकता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर रात्रि में कोयला से भरा क्षतिग्रस्त ट्रक काफी तेज गति में जा रहा था।इसी क्रम में मुख्य मार्ग पर पाल्हे गांव के पास पहुंचते ही चालक अपना संतुलन खो दिया और सड़क किनारे बिजली का पोल तोड़ते हुए सीधा पेड़ से जाकर टकरा गई। घटना के बाद ट्रक चालक सुरक्षित घटनास्थल से फरार हो गया। वही ट्रक में चालके अकेला था। जानकारी के अनुसार क्षतिग्रस्त ट्रक संख्या जेएच 13 ई 4392 मध्य प्रदेश के सिंगरौली से कोयला लोड़ कर गिरिडीह जिला जा रहा था। इधर शनिवार की सुबह में घटना स्थल पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर नगर ऊंटारी पुलिस घटनास्थल पहुंचकर क्षतिग्रस्त ट्रक के बारे में आसपास के लोगों से जानकारी लिया और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

चैनपुर बस पड़ाव के शेड से छत गायब, यात्री रहते हैं परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर क्षेत्र के बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। इस क्षेत्र में एक यात्री शेड बनाया गया है। इस शेड की छत लंबे समय से टूटी हुई है। बरसात के इस मौसम में छत नहीं रहने के कारण शेड में यात्री ठहर नहीं पाते। बारिश होने और तेज धूप निकलने पर भी यात्रियों को भारी परेशानी होती है। बावजूद निदान को लेकर किसी का ध्यान नहीं गया है। मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता परशुराम ओझा ने कहा कि जब वह सद्दीक चौक से होकर चैनपुर की और जा रहे थे। उन्होंने देखा कि चैनपुर बस स्टैंड परिसर में एक शेड बना हुआ है। उसकी ऊपरी हिस्सा

करकट टूट गया है। ऐसी स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। बावजूद इसकी मरम्मत करने के लिए किसी का ध्यान नहीं गया है। उन्होंने नगर आयुक्त से इस पर पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए लाखों रुपए खर्च किए जाते है, लेकिन धरती पर कुछ नजर नहीं आता। शेड भी नागरिकों के हित में ही लगाया गया है, लेकिन जब इसकी छत ही नही रहेगी तो इसका लाभ लोगो को कैसे मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बरसात के मौसम में यात्रियों को शेड के नीचे ठहरने में भारी परेशानी होती है।

संयोजिका और सभी सीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : प्रखंड संसाधन केंद्र में शनिवार को सभी सात संकुल संसाधन केन्द्रों से दो-दो संयोजिका और सभी सीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रखंड साधन सेवी श्रीकांत चौबे, संकुल साधन सेवी प्रशांत कुमार देव, संजय कुमार सिंह, शोभा कुमारी, शक्ति दास सिन्हा व सुबोध कुमार ने सुंयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी संयोजिका व सीआरपी को प्रधानमंत्री पोषण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दिया.उन्होंने संयोजिका को उनके कर्तव्य व अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया. प्रशिक्षक शक्तिदास सिन्हा ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से

जानकारी देते हुये कहा कि आप सभी मध्याहन भोजन सबंधित बच्चों की सुरक्षा व स्वास्थ्य की सुरक्षा कैसे प्रदान करें इसके सम्बन्ध में जानकारी दिया. प्रशिक्षक सीआरपी शोभा पांडेय ने कहा कि बच्चों को भोजन देते समय कौन सी सावधानी बरतना हैं, भंडारण कैसे करना है, एक से पांच वर्ग और 6 से 8 वर्ग तक के बच्चों के लिए चावल, दाल, सब्जी, तेल नमक आदि का उपयोग कितना करना है, पंजी का संधारण करने व चावल भण्डारण के सम्बंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. प्रशिक्षण में संयोजिका द्वारा भी अपना अपना अनुभव साझा किया गया.प्रशिक्षण में सभी संयोजिका सहित सीआरपी अजय कुमार, बिरेन्द्र प्रजापति, सुबोध कुमार, संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह उपस्थित थे।

बेनी खुर्द गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक व भंडारे का हुआ आयोजन

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद प्रखंड के बेनी खुर्द गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भव्य रुद्राभिषेक व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रुद्राभिषेक में मुख्य यजमान के रुप में भाजपा नेता ललन कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी मनोरमा सिंह, विनय कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद सिंह,कृत सिंह, सुनील सिंह, कृष्णा सिंह,रविन्द्र सिंह,वरुण सिंह, नरेन्द्र सिंह,अशोक सिंह, ओमप्रकाश सिंह उर्फ झुन्ना सिंह, राजेश कर्ण, अखिलेश कुमार सिंह के अलावे सैकडों श्रद्धालु शामिल थे। रुद्राभिषेक करा रहे विद्वान पंडित आचार्य अषेश नाथ त्रिवेदी, चंद्रकांत तिवारी, अमीत पाण्डेय, संतोष उपाध्याय ने धारा प्रवाह वैदिक मंत्रोच्चारण से अभिषेक कराया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता ललन कुमार सिंह व उनकी धर्मपत्नी मनोरमा सिंह द्वारा कराया गया था। इस संबंध में ललन कुमार सिंह ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करना काफी महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि बेनी खुर्द गांव मे ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर परिसर में सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया जाता है। उन्होंने कहा कि तीन मई 2023 को बागेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग का प्राणप्रतिष्ठा श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न कराया गया था। जिसके बाद से उक्त मंदिर में लगातार तीसरी बार रुद्राभिषेक किया गया। शिव मंदिर परिसर में स्थित मां भगवती मंदिर, सती मंदिर व हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। सम्पूर्ण पूजा अनुष्ठान की समाप्ति के पश्चात श्रीमती मनोरमा सिंह के भाई संतोष कुमार सिंह के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण कर प्रफुल्लित हुए। अंत में सभी विद्वान पंडितों को अंग वस्त्र एवं दक्षिणा के रूप में नकद राशि देकर विदा किया गया।

खंडहर में तब्दील हो रहा सीएचसी का पुराना भवन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : शहरी क्षेत्र अंतर्गत एनएच 98 किनारे स्थित सीएचसी का पुराना भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। परिसर में झाड़ियां उग आई है जिसकी साफ सफाई करने वाला कोई नहीं है। मालूम हो कि इसी वर्ष 15 नवंबर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सीएचसी को अंबा - अररुआ कला गांव के समीप बने नये भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। सीएचसी के पुराने भवन से नये भवन की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नये भवन में उद्घाटन के समय से ही सीएचसी के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालन करने को लेकर स्थानीय लोग अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मांग करते रहे हैं। बावजूद इस दिशा में अबतक कोई पहल नहीं हुई। लोगों का कहना है कि पुराने भवन में स्वास्थ्य केंद्र रहने से आस पास के लोगों तथा सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आपातकाल की परिस्थिति में स्वास्थ्य लाभ आसानी से मिल पाएगा। वहीं भवन का रख रखाव भी सुचारू रहेगा। इसे लेकर शहरवासियों ने सीएचसी के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग उपायुक्त पलामू से की है।

सनातन धर्मावलंबियों की हुई बैठक, हिंदू महासभा का गठन, संजय बने अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिश्रामपुर : बिश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में सनातन धर्मावलंबियों की एक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता राजपुरोहित अच्युतानंद पांडेय और संचालन संतोष केशरी ने किया। बैठक में लंबे विचार विमर्श के बाद हिन्दू महासभा का गठन किया गया। सर्वसम्मति से संजय ठाकुर को महासभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया.जबकि अजय केशरी व सुनील कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष, संतोष गुप्ता को सचिव,संजय केशरी को कोषाध्यक्ष तथा सुभाष गुप्ता व मनोज गुप्ता को मंत्री बनाया गया। वही पंडित अचियुतानंद पांडेय, लालन सोनी, श्याम किशोर पाठक, शशि ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, डॉ एस एस विश्वास चंदासी, शिव केशरी, राजेंद्र केशरी व राजकुमार मेहता को महासभा का संरक्षक का बनाया गया है। इसके अलावा अमित सोनी, अनूप कुमार, पप्पू गुप्ता, गोलू गुप्ता, सत्यम गुप्ता, चंदन चंद्रवंशी सहित कई युवाओ को कर्समिति सदस्य बनाया गया है। बैठक में इस वर्ष गणपति पूजा महोत्सव मानने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावे बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के मंदिरों के संरक्षण करने का भी फैसला सर्व सम्मति से लिया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

नरौली में किसान शिविर के आयोजन में एटीएम ने कहा, सरकारी योजनाओं का उठायें लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत नरौली पंचायत भवन में 26 अगस्त शनिवार को किसानों के बीच जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाले लाभ को बताया गया। मौके पर उपस्थित कृषि विभाग के एटीएम विजय अलोकित रूंडा द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानो को लेने की बात कही गई। उन्होंने कहा शिविर का आयोजन किसानो को जागरुकता लाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। किसानों की सुविधा के लिए शिविर का आयोजन कर ई-केवाईसी सहित अन्य कार्य भी किया जा रहा है।आप सभी किसान ई-के वाई सी अवश्य करायें। मौके पर एटीएम सुमन तिग्गा सहित मौजूद थे।

सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन होगा आज मुख्य अतिथि होंगे मंत्री, विधायक व जिला उपाध्यक्ष

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन का समय दोपहर 2ः00 बजे रखा गया है।जिसका मुख्य अतिथि श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास एवं जिला उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी होंगे। यह फुटबॉल मैच यूनाइटेड क्लब गिद्धौर के सौजन्य से करवाया जा रहा है।मैच की शुरुआत चतरा एवं हजारीबाग टीम के बीच किया जाएगा।इस आशय की जानकारी यूनाइटेड क्लब गिद्धौर के अध्यक्ष विनोद पासवान ने दिया। इस टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रथम के लिए 55 हजार रुपया एवं शील्ड द्वितीय के लिए 31000 एवं शील्ड तृतीया के लिए 15000 एवं शील्ड मैन ऑफ द सीरीज के लिए 2100 बेस्ट गोलकीपर के लिए 1100 का पुरस्कार रखा गया है।

वन प्रक्षेत्र से खैर के पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई, विभाग के लोगों पर मिली भगत का आरोप

ग्रामीणों के हंगामे के बाद कार्रवाई को मजबूर हुआ वन विभाग, 150 सीएफटी खैर की लकड़ी किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिश्रामपुर : बिश्रामपुर वन क्षेत्र में पिछले कई वर्षो से खैर की लकड़ी के तस्कर सक्रिय हैं.लाखों सीएफटी खैर की लकड़ी प्रत्येक वर्ष यहां से ट्रकों के द्वारा हरियाना, पंजाब और राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों में भेजा जाता है.मूल तस्कर हरियाना और राजस्थान का ही बताया जा रहा है। जो कुछ स्थानीय लोगों को साथ ले कर वन प्रक्षेत्र से खैर के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कराते हैं.जिसमे वन विभाग के स्थानीय कर्मियों की भी संलिप्तता होती है। जब वन क्षेत्र से सटे गांव के ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो विभाग के स्थानीय वनकर्मी हरकत में आते हैं। ऐसा ही मामला शनिवार को मोहम्मदगंज - बिश्रामपुर वन प्रक्षेत्र के छिपादोहर कला गांव से सटे जंगल में देखने को मिला। यहां पिछले कई दिनों से खैर के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चल

जंगल से खैर की लकड़ी को जब्त करते कर्मी

बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा

रही थी। ग्रामीण इसका विरोध भी कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया की इसकी सूचना वन विभाग के बिश्रामपुर स्थित विट चौकी को दी थी। बावजूद चौकी के वनकर्मियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई.शनिवार को ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष ऋ तुराज मिश्रा को दी। श्री मिश्रा ग्रामीणों के साथ जंगल में गए.जहां दर्जनों खैर का पेड़ काटकर एक जगह जमा किया हुआ मिला.जिसके बाद ग्रामीण तस्करों और वन विभाग के स्थानीय कर्मियों के खिलाफ हंगामा करने लगे.श्री मिश्रा ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और इसकी सूचना मोबाइल द्वारा वरीय वन अधिकारियों को दी.तब जाकर वन विभाग के बिश्रामपुर बिट के कर्मी हरकत में आए और जंगल में पहुंचे.लेकिन तबतक तस्कर लकड़ी छोड़ फरार हो गए थे। बिट चौकी कर्मियों ने खैर की लकड़ी को जब्त किया.जब्त लकड़ी को जंगल से ट्रैक्टर द्वारा बिट चौकी पर लाया गया। जब्त खैर की लकड़ी 150 सीएफटी है.जिसका बाजार मूल्य चार से पांच लाख रूपए बताया जा रहा है.इस बाबत पूछने पर बिट चौकी इंचार्ज कुमार गौरव कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं.उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि जंगल में पेड़ों के कटाई की कोई जानकारी नहीं थी.जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि बिट चौकी कर्मियों को कई बार इसकी जानकारी दी गई थी।

नारायण का भजन करने से भारी से भारी समस्याओं का समाधान हो जाता है : जीयर स्वामी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में श्री श्री जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि किसी समस्या के बारे में चिन्ता नहीं, बल्कि उसके सामाधान के लिये चिंतन करना चाहिये. चिंता चिता के समान और चिंतन अमृत के समान होता है। चिंता का सर्वदा त्याग करना चाहिये। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ स्कन्ध की कथा प्रारम्भ करते हुए कहा कि विश्वामित्र जी को बक्सर में किये जाने वाले यज्ञ में राक्षसों के संभावित उपद्रव से चिंता हो रही थी.तभी नारद जी आकर उन्हें परामर्श दिये कि चिंता नहीं चिंतन कीजिये. दशरथ नंदन राम-लक्ष्मण को बुलाकर अपना यज्ञ पूर्ण कीजिये। ऐसा ही हुआ। विश्वामित्र जी राजा दशरथ के दोनों पुत्रों को मांग लाये और अपना यज्ञ पुरा किये. उन्होंने कहा कि कलियुग में यज्ञ का विरोध करने वाले विध्वंसकारी

तत्त्व (राक्षस) नहीं हैं. पहले राक्षसी प्रवृति के लोग यज्ञ का विध्वंस कर देते थे। किसी अच्छे कार्य में मामूली अवरोध और विरोध की चिन्ता नहीं करनी चाहिए.हर अच्छे कार्य के प्रारम्भ में बाधायें आती हैं लेकिन सतत प्रयास से सारी बाधायें समाप्त हो जाती हैं और स्थितियां अनुकूल हो जाती है। उन्होंने माता अनुसुईया की चर्चा करते हुए कहा कि वह महर्षि अत्रि की पत्नी थीं.अपने पतिव्रता-धर्म के कारण सुविख्यात थीं। एक दिन नारद जी बारी-बारी से विष्णु जी, शिवजी एवं ब्रह्मा जी की अनुपस्थिति में उनके लोकों में पहुंचे। उन्होंने अनुसुईया के पतिव्रता-धर्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि समस्त सृष्टि में उनसे बढ़कर कोई पतिव्रता नहीं है। नारद जी की बातें सुनकर तीनों देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती ईर्ष्या करने लगीं। उन्होंने अपने अपने पतियों से अनुसुईया का पतिव्रत धर्म खंडित कराने के लिए सोचने लगीं। उन्होंने अपने पतियों से हठकर इसके लिए राजी कर लीं। तीनों देव अवधूत बटुक ब्रह्मचारी बन अनुसुईया के आश्रम पर पहुंचे.उस समय वह आश्रम पर अकेली थी. तीन अतिथियों को द्वार पर देख. भोजन का आग्रह किया. तीनों ने कहा कि अगर आप निर्वस्त्र होकर भोजन कराएंगी तो भोजन करेंगे अन्यथा नहीं। अनुसुईया ने साधुओं के शाप और अतिथि सेवा से वंचित होने के भय से परमात्मा से प्रार्थना की, हाथ में जल लेकर तीनों पर छिड़क दी. तीनों देव छः-छः माह के बच्चे बन गये, जिन्हें निर्वस्त्र होकर दूध पिलाया और पालने में लिटा दीं. देवों के समय से वापस नहीं लौटने पर तीनों देवियाँ खोज में निकल गयीं। पुनः नारद जी ने सारी बातें बताई . वे आश्रम पर जाकर माता अनुसुईया से क्षमा मांगीं और अपने पतियों को प्राप्त की। अनुसुईया ने तीनों देवों को अपने पुत्र रूप में मांगा. कालान्तर में विष्णु अंश दतात्रेय, ब्रह्मा अंश चन्द्रमा और शिव अंश दुर्वासा अनुसुईया के पुत्र रूप में अवतरित हुये।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, रविवार, 27 अगस्त 2023| पेज 3

संक्षिप्त खबरें

रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों की जांच शुरू

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के सरकार में मंत्री रह चुके नीलकंठ सिंह मुंडा,अमर कुमार बाउरी,नीरा यादव, लुईस मरांडी, रंधीर सिंह को एसीबी ने पीई में आरोपी बनाया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर एसीबी ने यह पीई दर्ज किया है, 26 जुलाई 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में भी पूर्व मंत्रियों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर पीई दर्ज करने का फैसला लिया गया था। एसीबी द्वारा इस मामले में पांच अलग अलग पीई दर्ज की गई हैं। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार सभी पूर्व मंत्रियों के खिलाफ अलग अलग पीई दर्ज की गई है, पीई के बाद जिन पूर्व मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला बनेगा, उसके खिलाफ पीई को एफआईआर दर्ज किया जाएगा। 2020 में झारखंड हाईकोर्ट में एक रिट दाखिल किया गया था। इसमें पांच तत्कालीन मंत्रियों की संपत्ति की जांच की मांग की गई थी। इसमें याचिकाकर्ता पंकज कुमार यादव ने आरोप लगाया था कि पांच सालों में पद पर रहते हुए तत्कालीन मंत्रियों की आय में अप्रत्याशित तौर पर बढ़ोतरी हुई है।

श्री राणी सती मंडल का 42 वां वार्षिक महोत्सव 3 सितंबर को

रांची : नगर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री राणी सती मंडल राँची का 42 वां वार्षिक महोत्सव 3 सितंबर रविवार को प्रातः 6:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक मारवाड़ी भवन हरमू रोड , राँची में बड़े ही धूमधाम से मनाने जा रहा है । अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक कमिटि का गठन किया गया है जिसके संयोजक निर्मल बुधिया को बनाया गया है ।

भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम है। इसके लिए हमलोगों में गौरव का भाव होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन जीने के तरीकों के साथ मानव मूल्य भी स्थापित थे। शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जित करना भी है। ऐसा ज्ञान, जिसमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान हो, समाज के प्रति लगाव हो और विश्व बंधुत्व की भावना हो। राज्यपाल शनिवार को संस्कृत विभाग, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय तथा संस्कृत भारती के संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। योग

और आयुर्वेद की भारतीय पद्धति विश्व के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन मूल्यों के प्रति सचेष्ट होना चाहिए। चन्द्रयान की सफलता पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि उसके टीम लीडर एस. सोमनाथ का मानना है कि संस्कृत के शास्त्रों में विज्ञान के बीज बिखरे पड़े हैं। संस्कृत के शास्त्रों में वर्णित ज्ञान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हमें मैकाले की शिक्षा प्रणाली को बदलना होगा और इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में अनेक प्रावधान किये गये हैं। भारतीय ज्ञान प्रणाली को प्रोत्साहन देना इस शिक्षा नीति के प्रधान उद्देश्यों में एक है। इस शिक्षा नीति के फलस्वरूप भारत निकट भविष्य में नवाचारों का केन्द्र बनेगा। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संघटन मंत्री दिनेश कामत ने कहा कि संस्कृत शिक्षा हमारी संस्कृति की संरक्षिका है, जिसमें सुदृढ़ सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के आधारभूत तत्व सन्निहित हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान की कोई भी शाखा संस्कृत से अछूती नहीं है। इसीलिए संस्कृत का अध्ययन सभी लोगों को करना चाहिए। आयुर्वेद, योग, संगीत शास्त्र आदि विभिन्न विद्याएं संस्कृत से ही विकसित हुई हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति और दर्शन का वैश्विक प्रभाव निर्विवाद रूप से दृष्टिगोचर होता है। संस्कृत के शास्त्रों की धरोहरों को भावी पीढ़ी के लिए न केवल संरक्षित किया जाना चाहिए, बल्कि उसके अनुसन्धान की भी आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से संस्कृत में संरक्षित ज्ञान से नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

हर व्यक्ति को आय का दूसरा श्रोत रखना चाहिए : चन्दन टपरिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा ने शाखा भवन में आज एक इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुंबई के कैपिटल मार्किट के विशेषज्ञ चन्दन टपरिया ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर इंसान को सिर्फ एक आय के श्रोत पर आश्रित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने कमाई का एक हिस्सा व्यक्ति को अपने आयु और जोखिम लेने कि छमता के अनुसार अपने भविष्य की सुरक्षा और जरूरतों को देखते निवेश करना चाहिए। निवेश के विभिन्न साधनो जैसे कैपिटल मार्केट, बैंको की फिक्स्ड डिपाजिट स्कीम, सोना और चांदी, फोरेक्स, क्रिप्टो करेंसी की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी चीज में निवेश से पहले इस निवेश में सम्बंधित जोखिम, मुद्रास्फीति का असर, अवधी और अपने निवेश को निकालने सम्बंधित

कठिनाइयों पर ध्यान देना आवश्यक है साथ ही यदि शेयर मार्केट में निवेश कर रहे हैं तो हमें जिस भी कंपनी के शेयर में निवेश करना हो उसके बैलेंस शीट, कंपनी का व्यवसाय और इसके प्रतिस्पर्धी कंपनियों से इसके आय व्यय और व्यवसाय कि तुलना करना आवश्यक है। उन्होंने जनता के निवेश की सुरक्षा हेतु सरकार के द्वारा की गयी उपायों पर भी चर्चा किया । इस इन्वेस्टर अवेयरनेस कार्यक्रम के आरम्भ में विशेषज्ञम चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और निवेशकों का स्वागत करते हुए इंस्टिट्यूट के रांची शाखा अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़ ने कहा कि इंस्टिट्यूट कि कमिटी ऑन कैपिटल मार्किट एंड इन्वेस्टर प्रोटेक्शन पुरे वर्ष पुरे भारतवर्ष में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, व्यापारिक समूह, छात्रों, महिलाओं और देश के विभिन्न वर्गों के लिए निवेश और इससे सम्बंधित जोखिम और एक निवेशक को प्राप्त कानूनी संरक्षण के बारे में इन्वेस्टर अवेयरनेस का कार्यक्रम आयोजित करती रहती है ताकि जान सामान्य में इसके बारे में जागरूकता बड़े और लोग आय के विभिन्न श्रोतो के बारे में जेकरि प्राप्त कर निवेश कर सकें और अपने निवेश को सुरक्षित कर सकें। कार्यक्रम का सञ्चालन रांची शाखा के सचिव सीए निशांत मोदी ने किया। इस कार्यक्रम में रांची शाखा के उपाध्यक्षा सीए श्रद्धा बागला, सी पी इ कमिटी के अध्यक्ष सीए उमेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य सीए हरेन्दर भारती, सीए अभिषेक केडिया, पूर्व अध्यक्ष सीए राजीव रंजन मित्तल, सीए रंजीत गारोडिया सहित काफी संख्या में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, व्यापारी वर्ग के लोग और निवेशक उपस्थित थे।

झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव पर मारपीट का आरोप, थाने में शिकायत दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव विपुल मिश्रा पर शनिवार को खिलाड़ी आदित्य कुमार चौरसिया ने जान से मारने की धमकी देने और उनके भाई बिमल मिश्रा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में बताया गया है कि शुक्रवार देर रात दस की संख्या में आए लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जबकि बिमल मिश्रा ने उसे डंडे से पीटा। उसके मुंह को दबाया और घसीटते हुए स्टेडियम के बाहर ले गए। वहीं दूसरी ओर झारखंड किक बॉक्सिंग संघ के सचिव विपुल मिश्रा से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि इतना संगीन आरोप अगर लग रहा है, तो पहले इसकी जांच हो जाए। उस लड़के की मेडिकल जांच करा लें और मेरे कैरेक्टर के बारे में किसी भी खिलाड़ी से पूछ सकते हैं। मामले में थाना प्रभारी मनोज महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रतियोगिता शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को मनन विद्या स्कूल में चौथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, मनन विद्या स्कूल के अध्यक्ष मनराखन महतो, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह, मनन विद्या की प्रिंसिपल रेखा नायडू, संरक्षक ईश्वर चंद ने दीप प्रज्वलित किया।

विशिष्ट मुख्य अतिथि योगासन भारत के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर जयदीप आर्या ने ऑनलाइन संदेश दिए। स्वागत भाषण संतोषी कुमारी और स्वास्तिक उच्चारण डॉ एस के घोषाल ने किया। प्रतियोगिता चार स्तर पर हुई। इसमें आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागपुरी, पारंपरिक नृत्य एवं एरियल योगा डांस प्रस्तुत किया गया। यह आर्टिस्टिक योगासन पेयर, राइथिमक योगासन पेयर, ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासन किया गया।

रांची में रेल नीर प्लांट की स्थापना की जाए : दीपक प्रकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड़ प्रदेश भाजपा पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रांची में रेल नीर प्लांट स्थापित करने का आग्रह किया है। प्रकाश ने अपने पत्र के माध्यम से केंद्रीय रेलवे मंत्री को दक्षिणी पूर्वी रेलवे अंतर्गत रांची डिवीजन में रेल नीर प्लांट लगाने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि पूरे झारखंड राज्य में वर्तमान समय में रेल नीर (पैकेज्ड पेयजल) की आपूर्ति दानापुर,बिहार से होता है द्य परंतु खपत के अनुसार यात्रियों को रेल नीर की आपूर्ति नहीं हो पाती है द्य ट्रेनों एवं स्टेशनों पर लोकल पानी बोतल का अक्सर उपयोग होता है, जिससे यात्रियों को

गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल नही मिल पाता है एवं यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है द्य उन्होंने लिखा है कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन को रेल यात्रियों के साथ -साथ रेलवे परिसर में आने वाले आगंतुकों एवं ट्रेनों में उच्चतम गुणवत्ता की सेवा और उत्पाद सुनिश्चित कराना है।

अंजुमन इस्लामिया के लीगल सेल के प्रति लोगों का बढ़ रहा है विश्वास

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। अंजुमन इस्लामिया द्वारा लीगल सेल के माध्यम से लोगों की समस्याएं प्रत्येक शनिवार को अंजुमन इस्लामिया के मुसाफिरखाना में सुना जा रहा है। न सिर्फ समस्याएं सुनी जारी बल्कि उन समस्याओं का हाल भी किया जा रहा है । समस्याओं का निदान से लोग इतने प्रभावित हो रहे हैं कि दूर दराज से भी लोग अपनी समस्याएं लेकर अंजुमन इस्लामिया के लीगल सेल पहुंच रहे हैं । लगातार इसकी सुनवाई हो रही है । जो जरूरतमंद हैं, जो समस्याओं से परेशान हैं ,उनकी समस्याएं हल होने से लोगों में उम्मीद में बढ़ गई है। अब लोग थाना और कोर्ट कचहरी, चक्कर लगाने के बजाए अंजुमन इस्लामिया के लीगल सेल में जाना ही बेहतर समझ

रहे हैं। इस लीगल सेल में मुख्य रूप से जाने-माने अधिवक्ता गण समस्याओं का निदान कर रहे हैं।अंजुमन इस्लामिया सेल के कन्वीनर शाहिद अख्तर ने बताया कि लीगल सेल में हर तरह की समस्याओं का निदान हो रहा है । सबसे बड़ी बात यह है कि यदि कोई भी व्यक्ति जिस पर शिकायत है वह अगर उपस्थित नहीं होते हैं, तो उसे नोटिस भी दिया जाता है । नोटिस के माध्यम से उसे बुलाया जाता है। साथ ही संबंधित पंचायत, संगठन से भी पदाधिकारी को बुलाया जाता है , ताकि वह अपने समाज के किसी पीड़ित की समस्याओं के बारे में कुछ जानकारी या सहायता लीगल सेल को प्रदान कर सके।मुख्य रूप से मुफ्ती तन्हा नदवी , एडवोकेट अजहर खान , एडवोकेट एडवोकेट सरफराज अहमद , एडवोकेट्स वैजुर रहमान , एडवोकेट ,एडवोकेट सरफराज अहमद , एडवोकेट सुल्तान खान, रेजाउल्ला अंसारी ,एडवोकेट मतीन उद्दीन खान, एडवोकेट असादुल आरफीन, एडवोकेट आबरू परवीन , एडवोकेट मिन्हाज , जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला के महासचिव परवेज कुरैशी ,अंजुमन इस्लामिया सेल के कन्वीनर शाहिद अख्तर , सज्जाद, मो लतीफ मौजूद थे।

टीम कुतुब ने अपनी चुनावी घोषणा पत्र जारी किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : टीम कुतुब ने रिसालदार बाबा मजार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम कुतुब के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुहेल अख्तर गब्बर ने कहा कि मेरे पिताजी राउफ गद्दी ने रेसलदार बाबा मजार कमेटी के विकास के लिए लगातार काम किया है ,जिसका नतीजा है कि हॉस्पिटल ,मुसाफिरखाना, बुलंद दरवाजा और गुंबद बना है । आने वाले वक्त में अगर हम चुनाव जीते हैं तो हमारा पहला काम शिक्षा पर फोकस करना होगा। इसके लिए हम सीबीएसई स्कूल, एक कौशल केंद्र और रोजगार के लिए कोचिंग की व्यवस्था निशुल्क करेंगे। हम लोग की कमेटी सभी 138 वाटर के

घर-घर जाकर अपनी चुनावी एजेंडा वोटर को बता रही है। हमारी कमेटी एक जाना पहचाना कमेटी है इसलिए लोगों को बताने की ज्यादा जरूरत नहीं है । उन्होंने कहा की मजार शरीफ का गुंबद का अधूरा काम जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा, अस्पताल को पीपीपी मोड पर चलाया जाएगा , लीगल सेल का गठन किया जाएगा, मैरिज हॉल का सुंदरीकरण , किया जाएगा इस मौके पर उमीदवार सोहेल अख्तर सोहेल गब्बर अध्यक्ष , मोहम्मद फारूक महासचिव , जाकिर हुसैन उपाध्यक्ष , हाजी मुख्तार उपाध्यक्ष , कफील गद्दी कोषाध्यक्ष , शोएब अंसारी उपसचिव , अली अहमद उप सचिव, कार्यकारिणी के उम्मीदवार आसिफ नईम ,मोहम्मद गुलाम ख्वाजा , शाहिद आलम , साजिद उमर , मोहम्मद शहजाद बबलू , नसीम उल हक, महबूब हुसैन, शादाब अहमद ,मोहम्मद फारूक मौजूद थे।

रक्षाबंधन को लेकर राजधानी रांची में राखी लेती बहनें। छाया : नसीम

झारखंड प्रदेश तेली समाज का अधिवेशन 27 अगस्त को

रांची : झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन का आयोजन 27 अगस्त 2023 को रांची के सहजानंद चौक, हरमू स्थित स्वागतम बैक्वेंट हॉल में होगा। अधिवेशन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन को लेकर तैयारी पुरी कर ली गयी है। आयोजन की जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि अधिवेशन में झारखंड समेत देश के अन्य हिस्से से भी तेली समाज के लोग शामिल होंगे।

आरडीसीआईएस ने बर्नपुर इस्पात संयंत्र के साथ एक अनूठी वायरलेस प्रणाली विकसित की

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सेल-आरडीसीआईएस, रांची और इसको इस्पात प्लांट (आईएसपी), बर्नपुर ने संयुक्त रूप से एक अनूठी वायरलेस प्रणाली का विकास किया जिसका उदघाटन मनीष राज गुप्ता, ई.डी.(वर्क्स), आए.एस.पी एवं संदीप कुमार कर, ई.डी.(आर.डी.सी.आए.एस) द्वारा किया गया7 मौके पर आरडीसीआईएस के मुख्य महाप्रबंधकगण संजय परिदा एवं एस. गोस्वामी एवं बर्नपुर तथा आर.डी.सी.आई.एस के वरीय अधिकारियों भी मौजूद थे।खदानों से लौह अयस्क / चूर्ण इत्यादि रेलवे वैगनों के माध्यम में टिपलर द्वारा भूमिगत बंकरों में गिराए जाते हैं तथा चलायेमान कन्वेयर बेल्टों द्वारा निर्दिष्ट स्थानों में संग्रहित (स्टैकिंग) किये जाते हैं। अक्सर कन्वेयर बेल्टों में विभिन्न किस्म के व्यवधान आते रहते हैं जिसकी जानकारी अनुरक्षण विभाग को विलम्ब से मिलने के कारण संयंत्र में उत्पादन ह्रास एवं फलित वित्तीय हानि की संभावना रहती है। इस प्रणाली के लगने के बाद विद्युत समस्या निवारण, प्रोग्रामिंग और यहां तक कि रिमोट ऑपरेशन भी अब नियंत्रण कक्ष से संभव है। बर्नपुर संयंत्र में चार पैडल फीडर हैं जो ट्रैक हॉपर बंकर टेबल से सामग्री निकालने और नीचे परिवहन प्रणाली पर निर्वहन के लिए जिम्मेदार हैं। पैडल फीडर भूमिगत स्तर पर स्थित हैं और ऐसे में कई बार संचालन और रखरखाव विभिन्न कारणों से मुश्किल हो जाता है। इस समस्या को हल करने के लिए सभी चार पैडल फीडरों और नियंत्रण कक्ष में एक वायरलेस नेटवर्क स्थापित किया गया है जो 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वास्तविक समय संचालन की निगरानी के लिए प्रत्येक पैडल फीडर में एक सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है। सभी नियंत्रण सिग्नल और वीडियो सिग्नल इस नेटवर्क पर प्रसारित होते हैं। वायरलेस संचार के माध्यम से दूरस्थ निगरानी और नियंत्रण प्रणालियों के कार्यान्वयन से भौतिक पहुंच को न्यूनतम करने, वास्तविक समय में दोषों का पता लगाने और निदान जैसे कई लाभ मिलते हैं।दूरस्थ निगरानी और नियंत्रण को सक्षम करके, वायरलेस संचार प्रणालियाँ समग्र दक्षता और उत्पादकता में सुधार कर सकती हैं। रिमोट कंट्रोल सिस्टम पैडल फीडर के मानव रहित संचालन को भी सक्षम बनाता है जिससे कार्यस्थल पर सुरक्षा में सुधार होता है।

28 बच्चों को मिलेगा प्रायोजन देखभाल योजना का लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची जिला के 28 बच्चों को प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) का लाभ मिलेगा। उपायुक्त सह अध्यक्ष स्पॉन्सरशिप फॉस्टर केयर अपूवल कमिटि राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत समिति की बैठक में इसकी अनुशंसा की गयी है। बैठक में सदस्य सचिव जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रांची सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) मार्गदर्शिका 2018 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में देखरेख एवं संरक्षण योग्य बच्चों के मामले के समव्यवहार को देखते हुए बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कुल 28 बच्चों को सीएनसीपी (देखरेख एवं संरक्षण योग्य) घोषित करते हुए योजना का लाभ देने हेतु अनुशंसा की गयी थी।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु योजना के लाभ के लिए सभी 28 बच्चों को देय किस्त की राशि पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत प्रति बच्चा प्रतिमाह चार हजार

रूपये की दर से राशि का भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया, जो प्रति बच्चा प्रथम त्रैमासिक अग्रिम के रूप में 12 हजार रूपये की दर से दिया जायेगा। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड राँची द्वारा जारी संकल्प के तहत प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) दिशा निर्देश 2018 के आलोक में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों (बालक/बालिका) जिनके परिवार की वार्षिक आय रू0 75000/- तक हो, बच्चे के माता पिता की मृत्यु हो चुकी हो, माता/पिता द्वारा बच्चे का परित्याग किया गया हो, जो रिश्तेदार के देख-रेख में रह रहे हो, ऐसे बच्चे जिनके माता/पिता किसी गम्भीर बीमारी से पीड़ित हो जिनमें एचआईवी/एड्स/लेप्रोसी एवं शत् प्रतिशत् दिव्यांगता हो अथवा माता/पिता दोनों कारागृह में हो, बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी या अन्य दुर्व्यवहार से प्रभावित बच्चे, जिन्हें पुर्नवास की आवश्यकता है के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से उनकी पोषण, शिक्षा, चिकित्सा एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उनके परिवार को अनुपूरक सहायता प्रदान किये जाने के प्रावधान है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) की ओर से सिदो-कान्हू पार्क में पर्यटक स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया। सबसे पहले आईएचएम के छात्रों ने इस मौके पर पार्क में फैली गंदगी को साफ किया. इस अभियान के तहत पत्रकार कला मंच के बाइनर तले कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया. नाटक के माध्यम से पार्क में आने वाले पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जिसमें पार्क में पॉलिथिन, पानी की बोतलें और कूड़ा कचरा नहीं फैलाने और पार्क को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया। साथ ही पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाने या उन्हें गंदा नहीं करने की सीख दी। नुक्कड़-नाटक में शहर में नदियों और सड़कों की बदहाली का भी जिक्र किया गया. लोगों से अपील की गयी कि वे अपना कूड़ा डस्टबीन में ही डालें और इसे अपनी आदत में शामिल करें. इस मौके पर वहां आए लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी. आईएचएम के छात्रों ने पार्क में स्वच्छता पर एक सर्वे भी किया।इस मौके पर आईएचएम की सहायक व्याख्याता आरती केवटिया, अदिती बनर्जी और सचिन श्रीवास्तव के अलावा पत्रकार कला मंच के निलय सिंह, अमित दास, संदीप नाग, एएसआरपी मुकेश, संतोष मृदुला और संजय सिंह समेत आईएचएम के छात्र मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, रविवार, 27 अगस्त 2023 | पेज 4

विधायक प्रतिनिधि ने बचरा मिडिल स्कूल में बच्चों को दिया बैग

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के मध्य विद्यालय बचरा के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बचरा उत्तरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने स्कूली बच्चो को बैग दिया।इस अवसर पर स्कूल बैग प्राप्त कर बच्चों में काफी खुशी देखी गई।विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत झारखंड सरकार के द्वारा यह बैग बच्चों को उपलब्ध कराया गया है,इससे शिक्षा के प्रति बच्चों का लगाव बढ़ेगा। उन्होंने सभी स्कूली बच्चों से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने स्कूल क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी श्री रामेश्वर चौधरी के द्वारा 7 आईटीआई एवं 1 नर्सिंग के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव रखा गया जिस पर चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही उन्होंने प्री मैट्रिक के तहत 20236 एवं पोस्ट मैट्रिक के तहत 4061 बच्चों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा जिस पर उप विकास आयुक्त ने सभी दस्तावेजों का सटीक जांच करते हुए उन्हें स्वीकृत करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सभी विद्यालयों से समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बच्चों का रजिस्ट्रेशन करने का भी निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिया। साथ ही श्री टोप्पो ने कोई भी बच्चा छात्रवृत्ति से वंचित न हो यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कोषागार पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक सहीत अन्य उपस्थित थे।

इंटर हाउस वालीबॉल प्रतियोगिता में सुखदेव हाउस बना विजेता

कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता): चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सीसीए अंतर्गत आयोजित इंटर हाउस वालीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के तीनो हाउस राजगुरु, सुखदेव एवम भगत सिंह हाउस ने भाग लिया। जिसमे तीनो हाउस ने एक दूसरे से एक एक मैच खेला। परिणाम स्वरूप सुखदेव व राजगुरु हाउस के बीच शनदार फाइनल मुकाबला हुआ। और इसमें सुखदेव हाउस के बच्चों ने अपने दामदार प्रदर्शन के बदौलत भगत सिंह हाउस को दो पॉइंट से शिकश्त देते हुए फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। और इस प्रकार इस प्रतियोगिता में सुखदेव हाउस विजेता एवम भगत सिंह हाउस उप विजेता बना। पूरे प्रतियोगिता में अनशूमान कुमार, आनंद साव, सन्नी यादव, आयुष यादव इत्यादि का बेहतर प्रदर्शन रहा। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि खेल मानवीय जीवन का अभिन्न हिस्सा है। अतः बच्चों को पढाई लिखाई के साथ साथ खेल कूद मे हमेशा भाग लेना चाहिए। खेलने से शरीरिक स्फुर्ति के साथ साथ मानसिक संतुलन भी बेहतर होता है। सिसीए इंचार्य चंदन कुमार व शिक्षक राहत अली के देख रेख मे यह प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य राधेश्याम पंडित, सह निदेशिका खुशबु गुप्ता शिक्षक राजीव रंजन, अनुपम दास शिक्षिका सुचित्रा सिन्हा, रानी शर्मा, सुनंदा पाठक, शिवानी पाठक, निशा भारती, रिंकी कुमारी एवम दरकक्षा इत्यादि उपस्थित थे।

द रामेश्वर वैली स्कूल में स्टूडेंट्स लेड कांफ्रेंस का आयोजन

झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता): झुमरी तिलैया स्थित द रामेश्वर वैली स्कूल मे स्टूडेंट्स लेड कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। शनिवार को सभी कक्षाओं के छात्रों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों ने बखूबी अभिभावकों के समक्ष अपने आप को शिक्षकों के रूप मे प्रस्तुत करते हुए विषय वस्तु को रखा एवम समझाया। बच्चों ने टी ल अम, 3 डी मॉडल, चार्ट पेपर, टैब और एलइड़ी का इस्तेमाल कर अभिभावकों को पढ़ाया। कार्यक्रम को लेकर स्कूल की प्राचार्या रश्मि प्रवीण बरनवाल ने कहा की इस तरह के अनुसंधान से छात्र अपनी प्रगति और सीखने सिखाने की क्षमता विकसित करते है । लीड पावर्ड विद्यालय का यह मानना ??है कि सीखने को दृश्यमान होना चाहिए और छात्रों को अपनी प्रगति को स्पष्ट करने और सवालों के जवाब देने में सक्षम होना चाहिए, जैसे मैं कैसे जा रहा हूं? मैं क्या शिक्षा ग्रहण कर रहा हूं? मैं कहाँ जा रहा हूँ? मेरा अगला सीखने का कदम क्या है? विद्यालय का सारा ध्यान छात्रों की उपलब्धि में सुधार लाने पर है, ऐसी ही एक पहल लीड एडूटेक कम्पनी के तरफ से किया जा रहा है जो स्टूडेंट लेड कॉन्फ्रेंस है। इस आयोजन को लेकर माता-पिता की प्रतिक्रिया जबरदस्त थी क्योंकि वे उस वैचारिक सीख से सुखद व आश्चर्यचकित थे जिसके द्वारा छात्रों ने अपनी शैक्षणिक प्रगति का प्रदर्शन किया, अपने सीखने सिखाने के अनुभवों का स्वामित्व लिया और अपने माता-पिता को दिखाया. कार्यक्रम को सफल बनाने मे स्कूल के शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने अहम् भूमिका निभाई। साथ ही छात्रों ने भी बहुत ही अच्छे तरीके से अपने जानकारी को अभिभावकों के समक्ष साझा किया।छात्रों मे आराध्या, श्रीयांशी, रोनित, पियूष, सौरभ, श्रेयांश मोदी, श्रीनिका मोदी, दीपशिखा, कुमार वैभव, आर्या नारायण, अनिक, नमिश, निशिकेत,तेजस तिवारी, तन्मय, निपुण, आयुस, अयान खान, कीर्ति, निधि, विद्या कुमारी, पलक, मुश्कान, प्रिन्स, आदि ने अपना अपना बेहतर योगदान दिया।वही स्कूल के शिक्षक अनिल, विकास, सागर, आकाश, सुदय, सूर्यनारायण, शिक्षिका एकता, पूनम, दिव्या, श्रुति, अनु, शीतल, प्रीती, श्रीस्टि, मनाली, सीमा, साची, ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे अहम् भूमिका निभाई।

चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

डोमचांच (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वधान में डोमचांच ब्लॉक में शनिवार को चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीडियो उदय कुमार सिन्हा उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीओ सना उस्मानी उपस्थित थी। वीडियो उदय कुमार सिन्हा ने कहा कि जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। वहीं सीओ सना उस्मानी ने कहा कि लड़कियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाएं। उन्होंने बाल विवाह को कानून अपराध बताया। इसे रोकने के लिए सबो को आगे आने की जरूरत। जबकि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एलडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा इस अवसर पर कहा कि शिक्षा से ही समाज और देश का सर्वांगीण विकास संभव है।

विधायक ने उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

चान्हो : चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम मुरतो, गुटवा एवं टांगर मे आयुष्मान भारत योजना के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधिवत नारियल फोड़कर किया। तत्पश्चात विधायक ने सभी जगह ग्रामीणों से मुलाक़ात कर उनके साथ बैठक किया। बैठक मे विधायक ने उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए अपने कम साल के कार्यकाल मे अपने क्षेत्र मे ग्रामीणों को सुविधा दिलाने एवं गांव का विकास की राह मे लाने लिए किन किन योजनाओं को धरातल पर उताना है उसकी जानकारी दिया।

विधायक ने बैठक मे कहा आपके गांव के विकास के लिए रोड नाली के साथ साथ कुछ न कुछ चीज का निर्माण कार्य होता रहेगा। लेकिन अपने समाज को सही राह मे ले जाने एवं विकास के लिए बौद्धिक ज्ञान की भी अति आवश्यक है। युवाओं को बतलाया आज के समय शिक्षा ही, घर की हालात को बदलने / सुधारने एवं समाज को बदलने / सुधारने की सबसे बड़ी पूंजी है। इसलिए शिक्षा से दूर ना भागे। आप शिक्षित हो कर बड़ा आदमी बने, और समाज को बदलने के लिए आगे आये। विधायक बैठक मे ग्रामीणों को झारखंड सरकार की कई योजनाओं के बारे मे बतलाया और उसका लाभ लेने को कहा। आपको और योजनाओं के बारे मे जानना है तो ब्लॉक मे जा के सरकारी पदाधिकारियों से मिले। मौक़े पर जिला परिषद आशुतोष तिवारी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईंतियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर भगत, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, शशि साहू, प्रमोद लाल, जुल्फेकर अंसारी, पंचायात अध्यक्ष पवन भगत, रामानंद एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

पिपरवार पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तिहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : पिपरवार पुलिस ने पिपरवार थाना कांड संख्या 02/18 के फरार प्राथमिक अभियुक्त उमेश यादव पिता मोहन यादव ग्राम भगिया थाना बालूमाथ जिला लातेहार के घर इश्तिहार चिपका कर आत्मसमर्पण करने की सूचना दी है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि फरार प्राथमिक अभियुक्त उमेश यादव पिता मोहन यादव ग्राम भगिया थाना बालूमाथ जिला लातेहार पर पिपरवार थाना मे कांड संख्या 02/18, धारा 358,379, 34 भादवि और 150 रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज है।वह पिछले पांच वर्ष से फरार चल रहे हैं और न्यायलय से आदेश मिलने के बाद पिपरवार पुलिस द्वारा थाना प्रभारी गोविन्द कुमार के निर्देश पर अवर निरीक्षक टिकवानन्द भगत ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ इश्तिहार चिपकाया है, साथ ही उन्हें जल्द आत्मसमर्पण करने की नोटिस जारी की गई है।

जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही चला सघन वाहन चेकिंग अभियान, कई गाड़ियों पर हुई कार्रवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : विगत दिनों उपायुक्त की अध्यक्षता में हुए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले में बिना नंबर,बिना लाइसेंस, प्रेशर हॉर्न के साथ वाहन चलाने, वाहन में अतिरिक्त स्थान निकाल देने, बिना माइनिंग चालान, बिना हेलमेट के दुपहिया चलाने के साथ साथ कई मामले सामने आए थे। साथ ही वाहन अधिनियम धाराओं का उल्लंघन से सड़क दुघर्टनाएं हो रही है। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के आलोक में आज अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी की संयुक्त टीम के द्वारा चंदवारा थाना समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना नंबर,बिना लाइसेंस, प्रेशर हॉर्न के साथ वाहन चलाने, वाहन में अतिरिक्त स्थान निकाल देने, बिना माइनिंग चालान, बिना हेलमेट चलाने वाले वाहनों की जांच की गयी। इस क्रम में बिना हेलमेट के चलाने वाले वाहनों में 50 हजार का जुर्माना लगाया गया और बड़े से छोटे गाड़ियों में विभिन्न कागज़ातों की जांच की, जिसमें संचालकों द्वारा कागज़ातों को पूरा नहीं दिखने पर सड़क सुरक्षा समिति द्वारा कार्रवाई की गयी। सड़क सुरक्षा समिति द्वारा उक्त वाहनों पर कार्रवाई हुए 3.5 लाख रुपए का जुर्माना वसूला किया गया। इसके साथ कोयला व गिट्टी लदे करीब 10 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि कोडरमा जिला में सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिससे काफी दुघर्टनाएं हो रही है। साथ ही काफी रफ्तार में लोग वाहन चलाते है। बिना कागज़ातों के वाहन चलाते हैं, इस हेतु वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और इस तरह के अभियान निरंतर चलाया जाएगा। मोटर अधिनियम धाराओं को उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। वाहन जांच अभियान के दौरान जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी , गोपनीय प्रभारी, सीओ राम रतन वर्णवाल,वाहन निरीक्षक और सड़क सुरक्षा दल की टीम मौजूद रहे।

पिपरवार पुलिस ने फरार वारंटियो के खिलाफ चलाया अभियान, एक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर पिपरवार पुलिस के द्वारा फरार वारंटियो की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में पिपरवार पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर एक फरार वारंटी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है।गिरफ्तार वारंटी की पहचान रामदेव लोहार उर्फ रामदेव विश्वकर्मा उर्फ रामदेव कुमार पिता स्व. नरेश विश्वकर्मा साकिन बड़गांव थाना टंडवा जिला चतरा के रूप मे की गई है।इस संबंध मे पिपर थाना प्रभारी गोविन्द कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर पिपरवार

थाना मे कांड संख्या 37/17, धारा 147,148,149,386,387, 379,323,436,427 भादवि और 27 आर्म्स एक्ट 17(1)(2) सीएल एक्ट के तहत मामला दर्ज था।गिरफ्तार अभियुक्त पिछले छः वर्ष से फरार चल रहा था।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भी पिपरवार पुलिस के द्वारा फरार वारंटियो की गिरफ्तारी के लिए आगे भी लगातार विशेष छापेमारी अभियान जारी रहेगा। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी गोविंद कुमार,अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो,दिलीप बास्की, टिकवानंद भगत सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता निगरानी व अनुश्रवण का दिया गया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : प्रखंड खलारी के खलारी पंचायत भवन में शनिवार को जल जीवन मिशन के तहत प्रति ग्राम पंचायत के पांच महिलाओं को जल गुणवत्ता निगरानी व अनुश्रवण का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण विश्रामपुर, बुकबुका, हुटाप, तुमांग, चुरी दक्षिणी के मुखिया, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं महिला समूह को दो सदस्य को दिया गया. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिला से आए प्रशिक्षक अजय चौबे, सुरेश अग्रवाल, राकेश पांडेय, अमृत मेहता द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. जिसमें जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता, निगरानी एवं

अनुश्रवण तथा पेयजल रख रखाव को लेकर प्रशिक्षण दिया गया. इसके बाद सभी जलसहिया को अपने-अपने क्षेत्र में पानी की जांच के लिए एफटीके किट (फील्ड टेस्टिंग किट) दिया गया. प्रशिक्षण में मुखिया तेजी किस्पोट्टा, पारसनाथ उरांव, मलका मुंडा, शिवरत मुंडा, दीपमाला कुमारी, संतोष कुमार महली आदि उपस्थित थे.

सेवानिवृत शिक्षक की आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड के इटिहांसा निवासी सेवानिवृत शिक्षक निरंजन महतो (70) की शनिवार को प्रातः 4 बजे आकस्मिक निधन हो गई। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र ने बताया कि पिछले कई माह से वह बीमार चल रहे थे। अचानक पिछले शनिवार को वह अपने आप को बेचैनी महसूस करने लगे। जिससे तुरंत राँची में इलाज के

लिए ले जाया गया जहां इलाज के क्रम में प्रातः 4 बजे उनका निधन हो गया। इटिहासा स्थित सिल्ली नदी घाट में उनके पुत्र मनोज कुमार ने मुखनानि दे कर उनका अंतिम संस्कार किया।

सिल्ली से छोटा मुरी तक भव्य नगर हरीनाम संकीर्तन आज

सिल्ली : प्रखंड के कुटाम स्थित भक्ति वेदांत गुरुकुल के तत्वावधान में रविवार को पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष में नगर हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया है। नगर संकीर्त प्रातः 8 बजे सिल्ली पुराना बुंडू चौक स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होगी एवं छोटा मुरी में समापन किया जाएगा। संकिर्तन में गुरुकुल के संस्थापक दास गदाधर प्रभु समेत गुरुकुल के 250 विद्यार्थी शामिल होंगे।

पिपरवार में सीसीएल ने आम जनता के लिए शुरु की निःशुल्क जिम की सुविधा

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत पिपरवार क्षेत्र के बचरा अंबेडकर पार्क,बसंत विहार कॉलोनी और सीआईएसएफ कॉलोनी में ओपेन जिम स्थापित किया गया है।शनिवार को बचरा अंबेडकर पार्क और बचरा बसंत विहार कॉलोनी में लगाये गये ओपेन जिम का उदघाटन किया गया।इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय ने विधिवत फीता काटकर और नारियल फोड़कर उक्त दोनो जगहो पर ओपेन जिम का उदघाटन किया।

ओपेन जिम का उदघाटन के साथ इसे आम जनता के लिए चालु कर दिया गया।इस संबंध में जीएम सीबी सहाय ने कहा कि बचरा इलाके मे निवास करने वाले श्रमिक एंव उनके परिजनो सहित आम जनता के लिए यह ओपेन जिम पुरी तरह से निःशुल्क रहेगा।उन्होंने कहा कि इस ओपेन जिम से लोग अपने शरीर को स्वास्थ्य और मजबूत बना सकते है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और बेहतर शरीर के लिए जिम और योगा करना अति आवश्यक है।अभी बचरा के आवासीय कॉलोनी में ओपेन जिम का संचालन किया जा रहा है।आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी ओपन जिम चालू किया जाएगा।उन्होंने क्षेत्र के लोगों से ओपेन जिम के रख रखाव और इसकी देखभाल करने की अपील की।इधर बचरा में पहली बार ओपेन जिम शुरू होने से स्थानीय लोगों में काफी खुशी की लहर देखी जा रही है।इस मौके पर एजीएम निरंजन सेनापति, एसओपी आलोक मनीष सोय,एसओसी सुमन कुमार, एसओएम शकील अख्तर, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, इन्द्रजीत सिंह,डीपी रोय, सुभोजित हलदर,शिशिर गर्ग,सौमित सेनापति,हेमचन्द महतो, उज्जवल कुमार,नागेन्द्र राम, श्रमिक प्रतिनिधि मुन्द्रिका प्रसाद,रविन्द्रनाथ सिंह, इस्लाम अंसारी,भीम सिंह यादव,रामू गोप,मुखिया गुजंन सिंह,रीना देवी,रविन्द्र सिंह,रवि भारद्वाज सहित कई अधिकारी कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

सविमं करकट्टा में मनाई गई तुलसीदास जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में तुलसीदास जयंती मनाई गई. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने तुलसीदास की चित्र पर दीप-मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया . जिसके बाद मध्यावकाश के पहले छात्र छात्राओं का निबंध प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मध्यावकाश के बाद विद्यार्थी इसरत प्रवीण, छोटी कुमारी, सलमान अंसारी, रमन राज, दुर्गेश भोगता एवं शिक्षक चन्द्रभूषण सिंह एवं पुरुषोत्तम कुमार सिंह तुलसीदास के बारे में अपना अपना विचार रखा.वहीं शिक्षक संजीव कुमार सिंह तुलसीदास द्वारा लिखित रामचरित्रमानस का कुछ पक्ति गाकर विद्यालय के वातावरण को प्रफुल्लित कर दिए. कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने सभी शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया.इस कार्यक्रम में आचार्या संध्या सिन्हा, पूनम पाठक, प्रीति तिर्की, बसंती कुमारी आचार्य गौरी शंकर कामिला, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, दिलीप कुमार शर्मा, सियाराम सिंह, उमेश कुमार, गोविन्द कुमार चौहान आदि उपस्थित थे.

रनिया प्रखंड की महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के तहत तसर की खेती कर रही है

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : जिले के रनिया प्रखंड अंतर्गत तुम्बुकल गाँव निवासी सितामनी देवी, ससखीडुमंडल की मदद से प्रशिक्षण लेकर आज वैज्ञानिक तकनीक से तसर की खेती कर रही हैं। सभी संसाधन होते हुए भी पूंजी की कमी होने के कारण सितामनी खेती नहीं कर पा रहीं थी. ऐसे में वह लक्ष्मी प्रज्वलित महिला समिति से जुड़ी। जहाँ उन्हें महिलाडुकिसानडुससशक्तिकरणडुपरियोजना अंतर्गत चलाए जा रहे रेशमडुपरियोजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। समूह से जुड़ने के बाद महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के माध्यम से रेशम परियोजना में तसर खेती के कार्य के साथ- साथ आजीविका रेशम मित्र का भी कार्य करती है। तसर खेती साल में दो बार क्रूस्क तथा ष्टस्क की खेती करती हैं। जिसमें तसर खेती से सालाना आय लगभग 45 हजार से अधिक होती है। साथ ही तसर टेस्टर का भी कार्य करती हैं। तसर परियोजना से सीतामुनि दीदी के सालाना आय 60 से 65 हजार तक की है। जिससे दीदी अपने परिवार की आय तथा बच्चों का पढ़ाई में पूर्ण सहयोग मिल रहा है। परियोजना के तहत प्रशिक्षण के बाद सितामनी ने समूह से ऋण लेकर तसर की खेती की शुरुआत की। सितामनी देवी आज महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना की मदद से न केवल तसर की खेती कर रही हैं बल्कि और लोगों को भी प्रेरित कर रही हैं। सीतामनी देवी बताती हैं कि मैं आजीविका रेशम मित्र के रूप में भी कार्य कर रही हैं। इस परियोजना से जुड़ कर गाँव में मैं तथा और भी दीदी तसर खेती वैज्ञानिक तकनिकी विधि से खेती कर रहे हैं और दूसरों को भी प्रेरित कर रहें हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, रविवार, 27 अगस्त 2023 | पेज 5

अगस्त माह के लोक अदालत में 14 मामलों का किया गया निष्पादन

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): झालसा रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय सरायकेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा माह अगस्त 2023 के लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विविध प्रकार के 14 वादों का निष्पादन द्विपक्षीय समझौते के तहत किया गया। जिसमे विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग एवं पुलिस एक्ट आदि से संबंधित मामले थे। साथ ही 34,880 रूपये की प्राप्ति हुई।

लाइनमैन से मिलने टीएमएच पहुंचे कुणाल षड़ंगी

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बनकटा पंचायत स्थित निश्चितपुर गांव के लाइनमैन सुब्रतो मान्ना को बुधवार शाम पावर हाउस के शट डाउन लेकर 11000 वोल्ट तार पर काम करने वक्त अचानक बिजली आने से करंट लग गया था और उसके शरीर के कई हिस्से बुरी तरह झुलस गये थे। उनको टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था आज पूर्व विधायक सा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षड़ंगी टीएमएच अस्पताल में उनसे मिलने पहुंचे तथा मिलकर बात की, हाल चाल जाना तथा परिवारजनों से मुलाकात की और चिकित्सा में लगे डॉक्टरो की टीम से विस्तार से बात की।

स्कूल चलें अभियान के तहत बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के छोटा गम्हरिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलें अभियान के तहत बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। इसका शुभारंभ पंचायत की मुखिया निरोला सरदार ने किया। इस दौरान 53 बच्चों को स्कूल बैग प्रदान कर उन्हें विद्यालय में प्रतिदिन उपस्थित होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर पंसस विकास कुमार शर्मा, संमाजसेवी माधव चंद्र महतो समेत विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य व कई अभिभावक उपस्थित थे।

कुचाई के आत्मा भवन में 25 किसानों को दिया गया मूंग बीज

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुचाई के आत्मा भवन में शुक्रवार को अनुदानित दर पर 25 किसानों के बीच जिप सदस्य जींगी हेंब्रम प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी बीटीएम राजेश कुमार एवं भाजपा कुचाई मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा ने मूंग बीज का वितरण किया गया। जींगी हेंब्रम ने कहा कि सरकार किसानों को समय पर विभिन्न प्रकार योजनाओं की लाभ दे रही है। जिसकी किसान शत प्रतिशत लाभ लें वहीं बीटीएम राजेश कुमार ने कहा कि किसानों को सरकार की लाभ दिलाने के साथ कृषकों को हर संभव सहयोग करना हमारे कर्तव्य है। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा, भागीरथ महतो, धर्मेंद्र कुमार सांडिल आदि उपस्थित थे।

आदिवासी सांस्कृतिक व कला केंद्र भवन के लिए ग्राम सभा संपन्न

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय, बोड़ाम के निर्देश के आलोक में शनिवार को पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत सासांगडीह आमबागान में वित्तीय वर्ष 2022-23 में आदिवासियों के आदिवासी सांस्कृतिक एवं कला केंद्र माझी परगना, पहान, मानकी मुंडा व धूमकुड़िया भवन निर्माण हेतु ग्राम प्रधान भरत सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से लाभुक समिति का गठन किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति व रीति-रिवाज जो पूर्वजों की बदौलत मिली है उसे सुरक्षित बरकरार रखने का दायित्व हम सभी का है। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव पाठक कुंभकार, सुकदेव बेसरा, दीपंकर सिंह, सहन मुर्मू, गोविंद सिंह, राकेश बेसरा, शंकर मांडी व सोहन मुर्मू आदि मौजूद थे।

चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने मिठाई बांट खुशियां मनाई

कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में चंद्रमा के दक्षिणी धुर्व पर चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ द्वारा मिठाई बांट कर खुशियां मनाई गई। भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से शिक्षको और कर्मचारियों ने अपनी खुशियों को साझा किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.मिथिलेश उपाध्याय ने चंद्रयान3 के सफल लैंडिंग को ऐतिहासिक और गौरव का क्षण बताया। मौके पर कर्मचारी महासंघ के रीतेश माधव, आनंद, प्रो संगीता बारला, प्रो राजेश सिंह, विपुल सिंह, अशोक यादव, प्रो सुखदेव यादव, रामजी कुमार, आत्मा कुमार, डॉ नेहा गुप्ता, मानवेंद्र सिंह, घनानंद, प्रो रामस्वरूप यादव, डा. आशुतोष महतो, डा. शशि कुमार, आदि थे।

एक्सएलआरआइ व सीएमसी वेल्लोर के बीच हुआ एमओयू

हेल्थकेयर प्रोफेशनल को उपलब्ध करवाया जायेगा वर्ल्ड क्लास पाठ्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : देश की प्रसिद्ध मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर के बीच 23 अगस्त 2023 को एक एमओयू हुआ है. हेल्थकेयर के क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के लिए उक्त दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से कार्य करेंगी. साथ ही हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर एक कोर्स डिजाइन किया जायेगा, जो हेल्थकेयर क्षेत्र के लिए प्रबंधन कार्यक्रम व सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए मददगार होगा.

उक्त एमओयू पर वेल्लोर में संयुक्त रूप से हस्ताक्षर हुआ. जिसमें एक्सएलआरआइ दिल्ली कैंपस के डायरेक्टर केएस. काश्मीर, एक्सएलआरआइ जमशेदपुर कैंपस के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, सीएमसी वेल्लोर के डायरेक्टर डॉ विक्रम मैथ्यूज व सीएमसी वेल्लोर के प्रिंसिपल सोलोमन सतीश कुमार शामिल थे. मौके पर मौजूद फादर काश्मीर ने कहा कि भारत की सतत और समावेशी विकास की यात्रा में सस्ती, सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है. साथ ही एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के डायरेक्टर फादर. जॉर्ज सेबेस्टियन ने कहा, हमारे प्लैटिनम जुबली वर्ष में, सीएमसी वेल्लोर के साथ यह साझेदारी राष्ट्र की बेहतरी के लिए काम करने वाले दोनों अग्रणी संस्थानों के लिए नए रास्ते खोलने में मदद करेगी.

मुजफ्फरनगर स्कूल शिक्षिका के खिलाफ

डॉ. अजय ने टेल्को थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद,आईपीएस डॉ अजय कुमार ने टेल्को थाने में मुजफ्फरनगर के नेहा पब्लिक स्कूल की शिक्षिका तृप्ता त्यागी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है. डॉ अजय ने कहा कि स्कूल में एक शिक्षक द्वारा इस तरह का कृत्य वास्तव में अमानवीय है, मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का ज़हर घोलना, स्कूल जैसे पवित्र स्थान को नफरत का बाज़ार बनाना

किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमें ऐसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

आंगनबाड़ी जुगिलोंग के लिए सहायिका का चयन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरुलडीह : नीमडीह के अंतर्गत जुगीलोंग के आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को सहायिका चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में कुल सात आवेदन आए, जिसमे अधिक अंक लाने वाले अभ्यार्थी भवानी गोप को सहायिका के रूप में चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में प्रशासन बाल विकास विभाग सीडीपीओ स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम, चिंगड़ा पाड़ीकीडीह

पंचायत के मुखिया,पंचायत समिति सदस्य,उपमुखिया,ग्राम प्रधान के साथ साथ ग्रामीण आदि उपस्थित थे। चयन प्रक्रिया पूर्ण रूप से शांति एवं अनुशासन पूर्वक संपन्न हुआ।

उपायुक्त के अध्यक्षता में हुई पेयजल व स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमे उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन को बढ़ाने, कार्य में गुणवत्ता पर ध्यान रखने एवं निर्धारित समय पर योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया। ताकि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2024 तक हर घर जल पहुंचाने के संकल्प को जिले में पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा योजना के क्रियान्वयन में कोई परेशानी आए तो उसके समाधान हेतु उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराया जाय। उपायुक्त ने प्रखंडवार एक गांव को 3 स्टार रेटिंग के तर्ज विकसित कर ओडीएफ + करने, प्रति प्रखंड एक गोबर गैस प्लांट विकसित करने, राजनगर प्रखंड के राजनगर पंचायत के 11 गांव में 10 को 3 स्टार रेटिंग एवं एक गाँव को 5 स्टार रेटिंग के रूप मे विकसित करने के निर्देश दिए। पूर्व से 3 एवं 5 स्टार के रूप में विकसित किए जा रहे 18 गाँव को 5 स्टार के रूप मे विकसित करने के निर्देश दिए।

नई पीढ़ी के छात्र जीवन में ही नशा की लत का हो रहें शिकार : प्रणव अम्बष्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : शनिवार को चांडिल अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट के द्वारा नशीले पदार्थों के सेवाएं, दुरुपयोग, नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन और अवैध तस्करी के खिलाफ कपाली हाई स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने बताया कि नशा मुक्ति और नशा उन्मूलन के लिए नई पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहने की सलाह दी। कहा ड्रग का उपयोग समाज और मानव जीवन के लिए अभिशाप बन गया है। नई पीढ़ी के छात्र जीवन में ही नशा की लत का शिकार हो रही है। इससे मानसिक समस्याएं बढ़ती जा रही है। नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक, कपाली ओपी प्रभारी संदीप कुमार ,आदि उपस्थित थे ।

टाटा स्टील यूआईएसएल ने अपनी 20वीं वर्षगांठ मनाने के लिए वृक्षारोपण अभियान का किया आयोजन

वृक्षारोपण कार्यक्रम सिर्फ एक उत्सव नहीं है बल्कि हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि : रितु राज

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) ने 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, स्वर्णरेखा फ्लैट्स, साकची के सामने, जमशेदपुर परिवार में वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और टाउन ओएंडएम और आरई के वरिष्ठ महाप्रबंधक

धनंजय मिश्रा भी उपस्थित थे। जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे, टीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी की उपस्थिति से इस कार्यक्रम को और सम्मान मिला। प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने कहा, हमारी 20वीं वर्षगांठ विकास, जिम्मेदारी और सकारात्मक प्रभाव की एक उल्लेखनीय यात्रा का प्रतीक है। वृक्षारोपण कार्यक्रम सिर्फ एक उत्सव नहीं है, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि है। इस अवसर पर पूरे जमशेदपुर में विभिन्न स्थानों पर कुल 1500 पौधे लगाए गए, जो हरित और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए संगठन के समर्पण को दर्शाता है। लगाए गए पौधों में सागौन, बकुल, करंज, जारुल, शीशम, महोगनी और अन्य विभिन्न प्रजातियाँ शामिल थीं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सम्मानित अतिथियों में आयकर अपील आयुक्त बिनोद कुमार अग्रवाल, प्रधान आयकर आयुक्त शिशिर धमेजा, टीडब्ल्यूयू के उपाध्यक्ष शैलेश सिंह और टीडब्ल्यूयू के महासचिव सतीश सिंह शामिल थे।

कांग्रेस ने चलाया भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम, आमजनों से साझा किया कैग रिपोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जेम्को मण्डल कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम के तहत बजरंगी बगान एवं आजाद बस्ती में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेतागण के नेतृत्व में पदयात्रा के माध्यम से घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का रूप रेखा मण्डल अध्यक्ष संजय कुमार एवं प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार के देख रेख तैयार की गई। जनसंपर्क अभियान के दौरान जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने आम नागरिकों के बीच कैग के रिपोर्ट में महा-भ्रष्टाचार के विषयों को साझा

करते हुए कहा कि भारत में अपने आप को सबसे ईमानदार पार्टी के नेता नरेंद्र मोदी जी कहते थे और उनके सत्ता में पैर जमते ही आम जनता के टैक्स से अर्जित राजस्व पर बहुत ही सुनियोजित रूप से भ्रष्टाचार कर दी गई है कि अब मोदी जी पर से आम जनता के विश्वास को करारा धोखा दिया गया है। जनसंपर्क अभियान में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार, जेम्को मण्डल अध्यक्ष संजय कुमार, जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, श्याम सुंदर प्रसाद, एस पी सिंह, आई डी शर्मा, हरिहर प्रसाद, नवीन, बिट्टू शर्मा, धनंजय, अनिल, सतीश कुमार, सरोज, आदि काफी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक प्रतिनिधि के हाथों भूमि संरक्षण विभाग ने पटमदा के 84 किसानों में बांटे पंपसेट

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी केंद्र परिसर में शनिवार को भूमि संरक्षण विभाग की ओर से 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर 84 किसानों के बीच विधायक मंगल कालिंदी की अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू के हाथों पंपसेट का वितरण किया गया। इस दौरान जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो व प्रदीप बेसरा, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, संजय कुमार महतो, संदीप कुमार, विश्वामित्र दास व राजू कर्मकार के अलावे विभागीय कनीय अभियंता गौरव कुमार, सहायक

तकनीकी प्रबंधक जितेंद्र नाथ रुहिदास व निर्मल कांति दास उपस्थित थे। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर इलेक्ट्रिक मोटर व पेट्रोल से संचालित पंपसेट उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि क्षेत्र के किसान सालों भर कृषि कार्य करते हुए अपनी आमदनी बढ़ा सके। उन्होंने बताया कि विधायक मंगल कालिंदी की अनुशंसा पर पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सालों भर खेती करने के लिए भूमि संरक्षण विभाग से कई तालाबों का जीर्णोद्धार भी कार्य कराया गया है।

गम्हरिया में आभूषण दुकानदार संघ और स्थानीय नागरिकों द्वारा एसपी का किया गया भव्य स्वागत

अपराधी अपराध छोड़ दें अथवा शहर छोड़ दें : आरक्षी अधीक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : अपराधी अपराध छोड़ दें अथवा शहर छोड़ दें। जिले में किसी प्रकार की घटना में शामिल अपराधकर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। अपराधकर्मियों से निपटने के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। उपरोक्त बातें गम्हरिया स्थित राजस्थान भवन में आभूषण दुकानदार संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर जिले के आरक्षी अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने कही। विगत दिनों गम्हरिया के ईश्वर लाल ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना का उद्भेदन किए जाने पर आभूषण दुकानदार संघ द्वारा यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इस मौके पर अपने सम्बोधन में

एसपी ने कहा कि विगत दिनों गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के पास ईश्वर लाल ज्वेलर्स में हुई लूट के मामले के उद्भेदन में जो कामयाबी मिली वह व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरी टीम की कामयाबी है। उस टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। इससे पूर्व लाल बिल्डिंग चौक पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा एसपी डॉ विमल कुमार का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिला कमेटी के सदस्यों द्वारा भी उन्हें गुलदस्ता भेंट कर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गम्हरिया स्थित राजस्थान भवन में दुकानदार संघ के सचिव पवन अग्रवाल द्वारा एसपी को सॉल ओढ़ा कर तथा संघ के अन्य सदस्यों और स्थानीय नागरिकों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में एसपी ने कहा कि हर एक व्यक्ति के जीवन में सरलता होनी चाहिए। व्यापारी या आम जनमानस अपनी समस्याओं को रखें. उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय व्यवसायियों से भी निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करने को कहा। इस मौके पर पवन अग्रवाल, बंटी तुलस्यान सुरेंद्र मिश्रा, ईश्वर लाल बर्मन, राजू यादव, रतन कुमार बर्मन, कार्तिक दास, कार्तिक मंडल, चंद्रभान शर्मा, ब्रजेश पति तिवारी, रश्मि साहू, सुनीता मिश्रा, किशोर कुमार सोनी, पप्पू केडिया, सिंटू गोराई, शंकर बर्मन, सोनू सिंह समेत काफी संख्या में व्यवसायी और स्थानीय दुकानदार व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आवश्यकता

आदिवासी उच्च विद्यालय, टोकलो को विज्ञान-शिक्षक की आवश्यकता - 01 पोस्ट

योग्यता : B.Sc, B.Ed / M.Sc. M.Ed
चयन: डेमोक्लास और साक्षात्कार के आधार पर

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायो डाटा और फोटो के साथ संपर्क करें।

चयन प्रक्रिया : 28.08.2023 से 04.09.2023 तक।
समय: 9:00 AM से 3:00 PM तक

संपर्क करें:
Adivasi High School
Toklo, Chakradharpur
West Singhbhum, Jharkhand
Contact No: 9123425578

संपादकीय

चांद पर 'प्रथम' भारत

वाह! कितने खूबसूरत और ऐतिहासिक लम्हे हैं ये!! अभूतपूर्व, अकल्पनीय, अनूठी, अप्रत्याशित और अविस्मरणीय उपलब्धि है कि भारत चांद पर पहुंच चुका है। अपने ही अनुसंधान और प्रयोगों के बल पर आज भारत चांद के उस हिस्से पर मौजूद है, जहां कोई भी देश पहुंच नहीं सका। 'चंद्रयान-3' बेहद सफल मिशन रहा है, क्योंकि उसके 'विक्रम लैंडर' ने चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सफल लैंडिंग की है और अब 'प्रज्ञान रोवर' भी बाहर आकर, चांद के आंगन में ही, घुमक्कड़ी कर रहा है। भारत और इसरो ने ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, क्योंकि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला प्रथम मिशन 'भारतीय' है। आज अमरीका, रूस, चीन और यूरोपीय देशों की आंखें फैल गई होंगी, क्योंकि भारत के ऐसे सामथ्र्य की कल्पना तक उन्होंने नहीं की थी। वे हमारी वैज्ञानिकता और मिशनों का उपहास उड़ाया करते थे। सिर्फ तीन दिन पहले ही रूस का 'लूना-25' मिशन दक्षिणी ध्रुव पर उतरने में नाकाम रहा और वह विनष्ट हो गया। अंतरिक्ष और चांद को खंगालने में सोवियत संघ (रूस) के मिशन सर्वप्रथम और अतुलनीय रहे हैं, लेकिन आज वह भी भारत से पिछड़ गया। भारत और इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों ने वह उपलब्धि हासिल की है, जो अनन्य है। आज चांद तो क्या, आसमान भी हमारे लिए आंगन महसूस हो रहा है। वह असीम और अनंत नहीं रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही टिप्पणी की है कि अब चंदा मामा दूर के नहीं रहे, बल्कि वह टूर के हो गए हैं। यानी ऐसे दिन भी आने वाले हैं, जब लोगों के टूर चांद पर जाया करेंगे! इस चंद्रविजय के बाद कहानियों के तमाम पुराने मिथक और कथानक बदल जाएंगे। नए भारत की नई पीढ़ी नई कहावतें पढ़ेगी। हम चांद को सपनों, कल्पनाओं और रूपक-उपमाओं में ही जीते थे अथवा मां थाली में पानी डाल कर, उसमें चांद की परछाईं दिखा कर, हमें दुलारती थी कि चंदा मामा यहां हैं। वाकई मानवीय प्रयोग, वैज्ञानिक अनुसंधान और इंजीनियरिंग के कौशल ने साबित कर दिया है कि आज भारत चांद पर है। चांद की सतह पर हमारा 'अशोक चक्र' और इसरो का प्रतीक चिह्न छाप दिया गया है। ये भारत की ऐतिहासिक विजय के साक्ष्य हैं। बधाइयों और शुभकामनाओं के अंबार लगे हैं। अब नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों ने भारत के इसरो के साथ काम करने, मिशन भेजने की इच्छाएं व्यक्त की हैं, पेशकश दी हैं, यकीनन हम विचार करेंगे। शाबाश!! इसरो के वैज्ञानिको! कर्मचारियो!! आपने संकल्प जमीन पर लिया और चांद पर उसे साकार किया। प्रधानमंत्री ने भी चंद्रविजय पर ऐसे ही भाव व्यक्त किए हैं। वह 26 अगस्त को बेंगलुरु जाकर इसरो के दफ्तर में सभी विजेताओं से रूबरू होंगे। बहरहाल हमने टीवी पर लैंडर की लैंडिंग का सीधा प्रसारण देखा था। लैंडर ने 20 फीसदी, फिर आधा सफर, फिर 50 फीसदी और उसके बाद 80 फीसदी यात्रा सफलता से तय की, तो धडक़नें तेज होने लगीं। लैंडर और चांद की सतह के बीच की दूरी सिमटने लगी, तो आंखें पनिया गईं। अचानक तालियां की गूंज सुनाई दी, 'जय हो' के उद्‌घोष गूंजने लगे, तो खुशी से उछल पड़े। देश की प्रतिक्रिया भी यही होगी, क्योंकि एक असंभव-सा लक्ष्य हासिल कर लिया गया था। यह ऐतिहासिक, वैज्ञानिक उपलब्धि यहीं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अंतरिक्ष के आयाम बदलेंगे। दुनिया को एक निश्चित रास्ता मिलेगा कि चांद कहां और कैसा है? वहां तक पहुंचना कैसे संभव है? दरअसल हमारा सुझाव है कि 15 अगस्त और 26 जनवरी की तरह 23 अगस्त को भी 'राष्ट्रीय दिवस एवं पर्व' घोषित किया जाए, क्योंकि यह मिशन भी भारत की संप्रभुता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। चांद पर हीलियम-3 ज्यादा मात्रा में उपलब्ध है। परमाणु कार्यक्रम के लिए यह अहम माना जाता है। यह ऊर्जा का स्वच्छ स्रोत भी है। चांद की चट्टानों पर सल्फर मिलने के संकेत हैं। मूल्यवान धातु प्लेटिनम, प्लाडियम, मैगनीशियम और सिलिकॉन भी प्रचुर मात्रा में बताई जा रही हैं। अब लैंडर और रोवर चांद की स्थितियों का अध्ययन करेंगे। वहां की भूकंपीय हलचलों और तापमान का भी अध्ययन किया जाएगा और वे तमाम सूचनाएं इसरो तक पहुंचाई जाएंगी। चांद पर पानी के अन्य स्रोत भी पता चलेंगे और अंततः वहां इनसानी जिंदगी की संभावनाओं के भी आयाम खुलेंगे। बहरहाल यह तो शुरुआत भर है। अभी तो इसरो को सूर्य और शुक्र पर भी जाना है। आशा की जानी चाहिए कि भारत सूर्य और शुक्र पर भी तिरंगा फहराएगा।

> भारत और इसरो ने ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, क्योंकि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला प्रथम मिशन 'भारतीय' है। आज अमरीका, रूस, चीन और यूरोपीय देशों की आंखें फैल गई होंगी, क्योंकि भारत के ऐसे सामथ्र्य की कल्पना तक उन्होंने नहीं की थी। वे हमारी वैज्ञानिकता और मिशनों का उपहास उड़ाया करते थे। सिर्फ तीन दिन पहले ही रूस का 'लूना-25' मिशन दक्षिणी ध्रुव पर उतरने में नाकाम रहा और वह विनष्ट हो गया। अंतरिक्ष और चांद को खंगालने में सोवियत संघ (रूस) के मिशन सर्वप्रथम और अतुलनीय रहे हैं, लेकिन आज वह भी भारत से पिछड़ गया। भारत और इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों ने वह उपलब्धि हासिल की है, जो अनन्य है। आज चांद तो क्या, आसमान भी हमारे लिए आंगन महसूस हो रहा है। वह असीम और अनंत नहीं रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही टिप्पणी की है कि अब चंदा मामा दूर के नहीं रहे, बल्कि वह टूर के हो गए हैं। यानी ऐसे दिन भी आने वाले हैं, जब लोगों के टूर चांद पर जाया करेंगे! इस चंद्रविजय के बाद कहानियों के तमाम पुराने मिथक और कथानक बदल जाएंगे। नए भारत की नई पीढ़ी नई कहावतें पढ़ेगी।

कुछ अलग

विश्व विजेता भारत

धरती से चांद के सपने मानव सभ्यता के संदर्भों को भरते रहे हैं, लेकिन विज्ञान के कदमों ने सारी दूरियां व कल्पनाएं मिटा दीं। चंदा मामा न तो दूर के रहे और न ही किसी और के रहे, बल्कि भारत के समीप आज एक ऐसा चांद है, जो विज्ञान की अभिलाषा, महत्त्वाकांक्षा और चेतना को सराबोर कर देता है। एक बड़े अभियान की परिकल्पना, छोटे-छोटे कदम और कुछ ठोकरें भी रहीं, लेकिन 23 अगस्त सायं 6 बजकर चार मिनट पर भारत के तिरंगे ने देश की सीमा और संभावना को विश्व बिरादरी की असीम आशाओं से भर दिया। चांद पर चौथे देश की उपस्थिति में भारत का सिक्का दक्षिण धुरव में अलग से अलंकृत है, क्योंकि यहां हमारे निशान केवल हमारे ही कारण हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की उपलब्धि ने देश की वैश्विक गणना और प्रमाणिकता को अंगीकार करते हुए हमें ऐसा तमगा पहनाया है, जो हमें इस वजह से विकसित देशों की पांत में आगे कर देता है। आज जहां हम हैं, वहां कोई यूरोपीय देश या जापान व कोरिया तक नहीं हैं। चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने जिस खूबसूरती, जिस स्पष्टता, जिस शुद्धता, जिस विश्वास और जिस कर्मठता से दक्षिण धुरव की दुरुहता पर कब्जा किया है, उसके कारण भारत के वैज्ञानिक आज पुनः विश्व विजेता की तरह अंगीकार हुए हैं। यूं तो भारतीय वैज्ञानिक इसरो के साथ-साथ नासा के तमाम अभियानों में भी अहम किरदार में रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय ध्वज के साथ चंद्र पथ पर उनका मुकाम अब भविष्य की साइंस को आश्वस्त कर रहा है। यहां विज्ञान की विजय में भारत का डंका बज रहा है, इसलिए इसे किसी सियासत का हिस्सा बनने की जरूरत नहीं। हमने 1962 में जब इसरो की स्थापना की थी, तो देश की कंगाली में ऐसी प्राथमिकता चुन लेना तब एक वर्ग को पागलपन जैसा ही लगा था, लेकिन जब 1975 में पहला राकेट 'आर्यभट्ट' लांच किया, तो हम अपने इर्द-गिर्द से बाहर ब्रह्मांड को जीतने निकल चुके थे। हमें अंतरिक्ष प्रोग्राम किसी की खैरात से नहीं मिला, बल्कि चांद पर उतरा लैंडर विक्रम लोहा मनवा रहा है कि भारत ने अपने दम, हुनर और क्षमता से विज्ञान का सर्वश्रेष्ठ सृजित किया है। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय विज्ञान जगत मान चुका है कि हमारा चंद्रयान-3, रूस से दस गुना बेहतर तकनीक पर आधारित है और अमरीका से पंद्रह गुना सस्ता विश्वसनीय हस्तक्षेप है। निश्चित रूप से अब अंतरिक्ष विज्ञान के आगामी हर पथ पर भारत की भूमिका, एक विकासशील और वैज्ञानिक देश के रूप में होगी। भले ही हम पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आगे चल कर तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे, लेकिन प्रति व्यक्ति आय में हम इसी तरह शक्तिमान हो जाएं तो आने वाली सदियां पूरी तरह हम ही लिखेंगे। बहरहाल चंद्रयान-3 की सफलता ने भारतीय विज्ञान की चेतना और महत्त्वकांक्षा को मीलों आगे पहुंचा दिया है और अगर युवाओं की क्षमता देश पहचान पाया, तो सारी करवटें विश्व की संभावनाओं को हमारे नजदीक ले आएंगी, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वर्तमान में हर साल दो से ढाई लाख पढ़े लिखे मेहनती, ईमानदार तथा बुद्धिमानी युवा बाहर पलायन कर रहे हैं। जिस राष्ट्रीय भावना का उद्‌घोष 1984 में चांद पर पहुंचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री विंग कमांडर राकेश शर्मा ने, 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तान हमारा' कह कर किया था, आज पुनः राष्ट्रीय भावना का वैसा ही उफान चांद से मुलाकात कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के निवेशक छा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में डीमैट अकाउंट का आंकड़ा करीब 12 करोड़ हो चुका है

उत्तर प्रदेश की बदल रही है तसवीर...लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

उमेश चतुर्वेदी

इसे बिडंबना नहीं तो क्या कहेंगे कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का उपजाऊ मैदानों के बावजूद उत्तर प्रदेश की ख्याति बीमारू यानी रोगी राज्य के रूप में रही। उत्तर प्रदेश राजनीतिक रूप से बेहद सचेत लोगों का भी राज्य रहा है। माना जाता है कि जिस इलाके की जनता राजनीतिक रूप से ज्यादा सचेत होती है, वहां विकास की धारा बहती रहती है। माना तो यह भी जाता है कि प्रभावी राजनीति जिस इलाके का प्रतिनिधित्व करती है, उस इलाके में विकास की गति अपने आप तेज हो जाती है। उत्तर प्रदेश प्रभावी राजनीति का भी केंद्र रहा है। देश को उसने आठ प्रधानमंत्री दिए, जिनमें से छह की जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश की माटी रही है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश अपनी अराजक संस्कृति और भ्रष्टाचारी शासन व्यवस्था के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। लेकिन अब इसी उत्तर प्रदेश की छवि बदलने लगी है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच को दिया जा सकता है। जिसकी वजह से ना सिर्फ यहां के अराजक माहौल में बदलाव आने लगा है, बल्कि इस राज्य को अब उद्योग और कारोबार के लिए मुफीद माना जाने लगा है। अस्सी के दशक में जब उत्तर प्रदेश के ही संसदीय नुमाइंदे राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तब अर्थशास्त्री आशीष बोस ने बीमारू राज्य की परिकल्पना पेश की थी। बीमार यानी रूग्ण से प्रेरित यह बीमारू शब्द बुनियादी रूप से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहा था। इन्हीं में से तीन राज्य अलग होकर अब सात राज्य हो गए हैं। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड के अपने मूल राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार से अलग होने के बावजूद जितनी तेज तरक्की की उम्मीद की जा रही थी, वैसी नजर नहीं आ रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश इनमें से अलग राह पर चलता दिख रहा है। निश्चित तौर पर इसके लिए योगी आदित्यनाथ की कड़क और कुशल शासन व्यवस्था को श्रेय दिया जा सकता है। किसी भी राज्य में कारोबार और उद्योग कब पनपता है, जब वहां की कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होती है, वहां बुनियादी ढांचा मसलन सड़क, बिजली और पानी की सहूलियत होती है। इसके साथ ही मेडिकल यानी चिकित्सा सुविधा भी बेहतर होनी चाहिए। कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश में बिजली छोड़ सारे संसाधन थे, लेकिन कानून-व्यवस्था बेहद लचर थी। अराजक व्यक्तियों और समूहों के इशारे पर ही जैसे राज्य की कानून-व्यवस्था चलती थी। राजनीति एक तरह से उनकी पिछलग्गू थी। बिजली राज्य की राजधानी लखनऊ और कुछ-एक वीआईपी माने जाने वाले शहरों में ही होती थी। बाकी समूचा राज्य बिजली की आंख-मिचौनी देखता था। सरकारी दफ्तरों में बाबुओं की मनमानी चलती थी। लेकिन साल 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले कानून-व्यवस्था की हालत की तरफ ध्यान दिया। ऐसा नहीं कि योगी के प्रयासों से कानून- व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश स्वर्ग बन गया है। लेकिन यह भी सच है कि कानून का भय अब अराजक समूहों में आया है। सड़कें दुरुस्त हुईं हैं। हालांकि छोटे इलाकों और गांवों को जोड़ने वाली सड़कों पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बिजली की हालत भी ठीक हुई है। अब समूचे प्रदेश में बिजली है। इसका असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। अब शेयर बाजार में उत्तर प्रदेश के निवेशक छा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में डीमैट अकाउंट का आंकड़ा करीब 12 करोड़ हो चुका है। 23 करोड़ की जनसंख्या वाले राज्य में 12 करोड़ खातों के जरिए शेयर बाजारों में दस्तक देना मामूली बदलाव नहीं है। बीते अप्रैल तक के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में इक्विटी ट्रेंड की वजह से 1.26 लाख नए निवेश जुड़े हैं। दिलचस्प यह है कि यह आंकड़ा शेयर कारोबारियों की राजधानी मुंबई वाले महाराष्ट्र राज्य के मुकाबले ज्यादा हो चुका है। आंकड़ों पर ध्यान दें तो बीते अप्रैल में महाराष्ट्र में जहां 1.18 लाख नए निवेशक ही जुड़े, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा करीब 1.26 लाख रहा। राज्य के बदलते बुनियादी ढांचे और बेहतर होती कानून-व्यवस्था का ही असर कहा जाएगा कि बीती फरवरी में हुए निवेशक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश को 36 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। कभी इलाहाबाद, आगरा, काशी हिंदू विश्वविद्यालय समेत राज्य के तमाम विश्वविद्यालय अराजकता के पर्याय माने जाते थे। हालांकि इनका गौरवशाली अतीत रहा है। भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में इन विश्वविद्यालयों का सार्थक हस्तक्षेप रहा है। लेकिन राजनीतिक संस्कृति बदलने से बाद के दिनों में उत्तर प्रदेश शैक्षिक रूप से पिछड़ता जा रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का शैक्षिक परिदृश्य बदलने लगा है। स्कूली स्तर पर भी पढ़ाई की रेल पटरी पर आने लगी है। इसका असर इस साल की नीट की परीक्षाओं के नतीजे पर भी दिखा। इस बार इस परीक्षा में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के ही विद्यार्थी कामयाब हुए हैं, जिनकी संख्या करीब 1.39 लाख है, जबकि महाराष्ट्र के 1.31 लाख और राजस्थान के एक लाख से कुछ ही अधिक छात्र सफल रहे। योगी राज के छह सालों में राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में 60 लाख विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में पहले गिने-चुने मेडिकल कॉलेज ही थे। लेकिन योगी शासन में एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना की गई और वह अब साकार होती नजर आ रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, विशेषकर गोरखपुर के आसपास हर साल दिमागी बुखार से सैकड़ों बच्चों की हृदयद्रावक मौत होती थी। लेकिन योगी शासन में इस पर काबू पाने की कोशिशें तेज हुईं और अब स्थिति बेहद काबू में है। आज हालात यह है कि दिमागी बुखार पर 98 फीसदी तक काबू करके बहुमूल्य जीवन बचाने में सफलता हासिल की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का मैदान है। ये नदियां राज्य की जीवन रेखा ही नहीं, खेती-किसानी का सांस्कृतिक जरिया भी हैं। जनसंख्या घनत्व ज्यादा और प्रति व्यक्ति जोत कम होने के बावजूद आज स्थिति यह है कि राज्य देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन 20 फीसद अकेले कर रहा है। इसकी बड़ी वजह है, राज्य में कृषि उपज के मूल्यों में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी। 2017 में योगी सरकार के शासन में आने के बाद एमएसपी के तहत किसानों की कृषि लागत का डेढ़ गुना रकम दिया जा रहा है। राज्य की खेती-किसानी सदियों से मशहूर रही है। विशेषकर गन्ना की खेती के मामले में राज्य एक दौर में शीर्ष पर रहता था। हालांकि बाद के दिनों में हालात बदलते गए। लेकिन इस मामले में राज्य ने एक बार फिर बाजी मारी है। इसकी वजह है कि राज्य में गन्ना खरीद नीतियों में बदलाव लाया गया। जिसका फायदा किसानों को मिल रहा है। यही वजह है कि राज्य देश के कुल गन्ने का 44.50 प्रतिशत की पैदावार कर रहा है। इस मामले में भी महाराष्ट्र 25.45 प्रतिशत पैदावार के चलते दूसरे नंबर पर जा पहुंचा है। बुनियादी ढांचा के मामले में भी पिछले छह सालों में राज्य ने काफी कुछ हासिल किया है। राज्य में पांच एक्सप्रेसवे बन चुके हैं। वहीं 13 एक्सप्रेसवे का निर्माण जारी है। साल 2017 में राज्य में सिर्फ दो लखनऊ और वाराणसी हवाई अड्डे ही संचालित हो रहे थे, लेकिन आज राज्य के नौ शहर हवाई मार्ग से जुड़ गए हैं। केंद्र सरकार की योजना के अनुसार मौजूदा वर्ष यानी साल 2023-24 के आखिर तक राज्य में पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को चालू करने की तैयारी है। नोएडा का जेवर हवाई अड्डा भी तेजी से बनाया जा रहा है।

> देश को उसने आठ प्रधानमंत्री दिए, जिनमें से छह की जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश की माटी रही है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश अपनी अराजक संस्कृति और भ्रष्टाचारी शासन व्यवस्था के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। लेकिन अब इसी उत्तर प्रदेश की छवि बदलने लगी है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच को दिया जा सकता है। जिसकी वजह से ना सिर्फ यहां के अराजक माहौल में बदलाव आने लगा है, बल्कि इस राज्य को अब उद्योग और कारोबार के लिए मुफीद माना जाने लगा है। अस्सी के दशक में जब उत्तर प्रदेश के ही संसदीय नुमाइंदे राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तब अर्थशास्त्री आशीष बोस ने बीमारू राज्य की परिकल्पना पेश की थी।

नकली खेल सामग्री खरीदना बंद करें

खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी कई बार इस कॉलम के माध्यम से लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है, जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडियों को मिले ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गयी आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इनसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिए। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरा है। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपये का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है तो कीमत बढिया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और सामग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देखे जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम्म एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं। लाखों रुपये का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। इस खेल सामान को खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं, वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं। आज जब खेल खेल में स्वास्थ्य स्कीम के अंतर्गत कई करोड़ रुपयों की कृत्रिम प्ले फील्ड जूडो, कुश्ती व खो-खो आदि खेलों के लिए खरीद कर विद्यालयों व महविद्यालय को दी जा रही, जहां भी खेल सामान खरीदना हो वहां पर खरीददारी के लिए जो कमेटी बने, उसमें जिस भी खेल का सामान खरीदना है, उस खेल का प्रशिक्षक व कम से कम दो राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी विभागीय अधिकारियों के साथ हों। जिस संस्थान को सामग्री मिले, वहां भी कमेटी देखे कि वह घटिया स्तर का तो नहीं दे दिया। अच्छी प्रशिक्षण सुविधा के अभाव में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी समय से पहले ही खेल को अलविदा कह जाते हैं और जिन के पास धन व साधन हैं, वे अच्छे प्रशिक्षण के लिए हिमाचल प्रदेश से पलायन कर जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में बहुत कम प्रशिक्षण केन्द्र हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी बनने के लिए स्कूल व कालेज समय में खिलाड़ी को अच्छी खेल सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। पूरे संसार में जहां के खिलाड़ी श्रेष्ठ हैं, वहां पर स्कूल व कालेज स्तर पर बहुत ही उत्तम खेल सुविधाएं मुहैया हैं।

> हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है, जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडि़यों को मिले ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडि़यों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है।

दृष्टिकोण

कश्मीर में विकाश के साथ लौटता अमन चैन

जब 5 अगस्त 2019 को भारतीय संसद ने जम्मू – कश्मीर से धारा 370 को ख़त्म करने रूपी विधेयक को मंजूरी दी तो ऐसा लगा कि पूरे भारतीय राजनीति में भूचाल आ गया। हर कोई इस बात को लेकर चिंतित था कि जम्मू – कश्मीर में कही कोई अप्रिय घटना न घटित हो, लेकिन सरकार की दृढ इच्छा शक्ति और दूरदर्शी सोच ने इसे सिरे से ख़ारिज कर दिया। इस दौरान जम्मू – कश्मीर की जम्हूरियत ने एक नये केन्द्रशासित प्रदेश का उदय होते देखा। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू – कश्मीर के लोगो ने कई बदलाव देखे। लगभग दो दशक के अंतराल के बाद स्वतंत्रता दिवस समारोह में हजारों कश्मीरी उमड़े। हर वर्ष की भांति इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के दिन सडकों पर न ही कटीले तार दिखे न ही बैरकेटिंग इस साल लोगों की आवाजाही या इंटरनेट सेवाओं पर कोई प्रतिबंध नहीं था, जैसा कि आतंकी खतरे के मद्देनजर अतीत में लगता रहा है। इस दौरान पूरे केंद्र शासित प्रदेश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घाटी में अमन चैन कायम रहा। जम्मू-कश्मीर में कितना बदलाव हुआ है यह सरकार के आंकड़े खुद गवाही दे रहे हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 26 जुलाई को राज्यसभा में एक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से लगभग 30,000 युवाओं को नौकरियां दी गई हैं। इस दौरान जम्मू-कश्मीर सरकार ने 29,295 रिक्तियां भरी हैं। साथ ही केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में कई योजनाएं शुरू की हैं।। अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास रहने वालों के लिए सेवाओं और शैक्षणिक संस्थानों में 3 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान भी किया गया है। मालूम हो कि अनुच्छेद 370 हटने से पहले देश के अन्य राज्यों के लोगों के पास यहां जमीन खरीदने का अधिकार नहीं था। लेकिन अनुच्छेद 370 हटाने के बाद लोगों को यह अधिकार प्राप्त हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में 188 बड़े निवेशकों ने जमीन ली है। इसी साल मार्च में प्रदेश को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का पहला प्रोजेक्ट मिला है। यह प्रोजेक्ट लगभग 500 करोड़ रुपये का है और इसके पूरा होने पर केंद्र शासित प्रदेश में 10,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट संयुक्त अरब अमीरात के 'एमआर' ग्रुप का है. कभी पत्थरबाजी के चलते सुर्खियों में रहने वाले जम्मू-कश्मीर में अब यह बीती बात हो गई है। अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आतंकी घटनाओं में भी कमी देखने को मिली है। इसके साथ ही अलगाववादियों का समर्थन भी अब खत्म होता जा रहा है। पिछले साल के आंकड़ों के अनुसार 5 अगस्त 2016 से 4 अगस्त 2019 के बीच 900 आतंकी घटनाएं हुई थीं, जिसमें 290 जवान शहीद हुए और 191 आम लोग मारे गए थे। वहीं 5 अगस्त 2019 से 4 अगस्त 2022 के बीच 617 आतंकी घटनाओं में 174 जवान शहीद हुए और 110 नागरिकों की मौत हुई। यह आंकड़ें इस बात की गवाही देते हैं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी देखने को मिली है। धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र में भी विकास हुआ है। बीते 4 सालों में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई है। भयमुक्त माहौल ने पर्यटकों को यहां आने की वजह दी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार साल 2022 में 1.88 करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आए और यहां के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठाया। जम्मू-कश्मीर बीते साल प्रधानमंत्री डेवलपमेंट पैकेज के तहत 58,477 करोड़ रुपए की लागत की 53 परियोजनाएं शुरू की गई थीं। ये प्रोजेक्ट्स रोड, पावर, हेल्थ, एजुकेशन, टूरिज्म, फार्मिंग और स्किल डेवलपमेंट जैसे सेक्टर्स में शुरू हुए थे। केंद्र शासित प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए नई केंद्रीय योजना के तहत 2037 तक 28,400 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी।

देश दुनीया से

नहीं कराना सम्मान!

चार दशक की साहित्य साधना के बाद मुझे होश आया कि सम्मान तो करवाया ही नहीं। मैंने भागा-दौड़ी की तो लोग कहने लगे कि अब तक कहां थे? हमने तो अपने खेमे के सबको निपटा दिया, किसी और किसी को पकड़ो! सूखा सा उत्तर पाकर मैं दूसरों के पास गया, दूसरों ने भी टरका दिया। फिर हारकर मैं भ्रमर जी के पास पहुंचा। साहित्य के घाघ हैं। सारी ऊंच-नीच का पता है उन्हें। मुझे देखते ही बोले- 'शर्मा धूप में बाल सफेद कर लिये। कागज काले करते रहे। लेखन के बूते पर सम्मान की आस लगाये बैठे रहे। पहले मिल लेते तो अब तक तो यह सम्मान की धारा भी पार कर लेते। खैर कोई बात नहीं, जागे वहीं सवेरा। अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है। चलो तुम्हारा अमृत सम्मान करवा देंगे। बस थोड़ा सा पेंच है, वह तुम्हें ही भुगतना है।' भ्रमर जी की अंतिम बात मैं समझा नहीं, सो मैंने पूछा- 'क्या भुगतना है? इतना विपुल लिखने के बाद भी मुझे क्या करना पड़ेगा?' भ्रमर जी हंसने लगे, बोले- 'शर्मा, सम्मान-पुरस्कार जोड़-तोड़ के जुगाड़ हैं। तुम साहित्य साधना में लीन रहे, यही तुम्हारा माइनस पाइंट है। लिखने से कुछ नहीं होता। लिखने से किताब छप जायेगी, लेकिन सम्मान के लिए लोगों से लगाकर खाना पड़ता है। लिखने का नशा उतर जाये तो मैं तुम्हें एक पते की बात बताऊं?' 'हां....हां बताइये। मैं आप जो कहेंगे, वह करने को तैयार हूं। साहित्य का सम्मान लिखने से ही तो मिलता है। ग्यारसी लाल जी और कजोड़मल जी जब सम्मान ले सकते हैं तो मैंने कोई घास थोड़े ही खोदी है।' मैंने कहा तो भ्रमर जी बोले- 'तुमने घास ही खोदी है शर्मा, जिनका तुम उदाहरण दे रहे हो, उन्होंने रोकड़ा खर्च करके सम्मान लिया है। अब पहले वाली बात नहीं है कि वर्क देखा और सम्मान दे दिया। आजकल तो सम्मान-पुरस्कार खुद के जुगाड़ हैं। तुम्हें लेना है तो अपना बजट बताओ, अपनी संस्था के बैनर तले तुम्हारा भी गंगा स्नान हो जायेगा। ग्यारसीलाल और कजोड़मल ने सम्मान के लिए तन-मन और धन तीनों लगा दिये थे। उनकी भक्ति भावना (चमचागिरी) को तुम क्या जानो भैया। भक्ति भावना व पैसे के बूते पर आज वे साहित्य शिरोमणि प्राप्त कर सके हैं। मूल्य बदल गये हैं, युग बदल गया है। अभी देखा नहीं, रामलाल जी जिस अकादमी के अध्यक्ष हैं, उसी से अपना सम्मान करवा लिया। उन्हें पता है, विलंब किया और सम्मान के लिए पापड़ बेलो कार्यक्रम शुरू हो जावेगा। इसलिए मेरी संस्था को धन देवो और सार्वजनिक मंच पर मालाएं पहनकर चहकते फिरो।' भ्रमर जी की बातों से मेरी आंखें खुली की खुली रह गईं, लेकिन समस्या धन की थी। सम्मान के लिए धन कहां से लाऊं। गृहस्थी की गाड़ी ही जब इस महंगाई में नहीं चल पा रही तो यह महंगा सम्मान कैसे प्राप्त करूंगा। मैंने भ्रमर जी से कहा- 'मैं एक-दो दिन में आपसे मिलता हूं।' यह कहकर मैं सीधा किचन में पत्नी की शरण में पहुंचा। पत्नी बोली- 'क्यों क्या बात है, मुंह लटकाये क्यों खड़े हो?' मैं बोला- 'सम्मान तो बहुत महंगे हो गये। जरा सी लापरवाही से अब पैनल्टी अलग लगेगी। मेरा मतलब सम्मान के लिए धन चाहिए।' पत्नी बोली- 'क्या करोगे सम्मान का। इससे बढिया तो बच्चों की फीस चुकाओ। पोते-पोती क्या सोचते होंगे कि बाबा उनके लिए कुछ नहीं करते। सम्मान से कुछ नहीं होता। लिखते-पढ़ते हो, यह कोई कम सम्मान की बात है।' एक ही क्षण में पत्नी ने सम्मान की खुजली मिटा दी। मैं बोला- 'तुम सही कहती हो। ऐसे सम्मान का क्या करेंगे, जो पैसों से मिलते हैं। मैं तो अपनी नयी किताब तैयार करता हूं।' पत्नी ने कहा- 'मस्त रहो, काम करो। सम्मान तो अब गधों के होने लगे हैं।

> पहले मिल लेते तो अब तक तो यह सम्मान की धारा भी पार कर लेते। खैर कोई बात नहीं, जागे वहीं सवेरा। अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है। चलो तुम्हारा अमृत सम्मान करवा देंगे। बस थोड़ा सा पेंच है, वह तुम्हें ही भुगतना है।' भ्रमर जी की अंतिम बात मैं समझा नहीं, सो मैंने पूछा- 'क्या भुगतना है? इतना विपुल लिखने के बाद भी मुझे क्या करना पड़ेगा?' भ्रमर जी हंसने लगे, बोले- 'शर्मा, सम्मान-पुरस्कार जोड़-तोड़ के जुगाड़ हैं। तुम साहित्य साधना में लीन रहे, यही तुम्हारा माइनस पाइंट है। लिखने से कुछ नहीं होता। लिखने से किताब छप जायेगी, लेकिन सम्मान के लिए लोगों से लगाकर खाना पड़ता है। लिखने का नशा उतर जाये तो मैं तुम्हें एक पते की बात बताऊं?' 'हां... .हां बताइये। मैं आप जो कहेंगे, वह करने को तैयार हूं। साहित्य का सम्मान लिखने से ही तो मिलता है। ग्यारसी लाल जी और कजोड़मल जी जब सम्मान ले सकते हैं तो मैंने कोई घास थोड़े ही खोदी है।'

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

ईलाज के अभाव में 2 वर्षीय बच्ची ने तोड़ा दम

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : एकीकृत प्रखंड हेरहंज के सलैया पंचायत के कनोदी टोला में निवासी चिंतामणि गंझू की पुत्री दीवानी कुमारी 2 वर्ष तेज बुखार लगने एवं समय पर संसाधन व इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दीवानी कुमारी का दो दिनों से बुखार आ रहा था। गांव में स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने के कारण एवं उसके पास संसाधन नहीं रहने के कारण वह बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने नहीं आ पाई। गाँव मे कोई चिकित्सा सुविधा नही रहने के कारण दीवानी कुमारी का स्थिति गंभीर हो गई। शनिवार की सुबह पड़ोसी के मोटरसाइकिल लेकर दीवानी कुमारी को लेकर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। परीजनों ने कहा कि मैं एक गरीब परिवार से आता हूं मेरे घर में एक साइकिल तक नहीं है। किसी भी प्रकार दैनिक मजदूरी कर अपना जीवन बसर करता हूं।

जंगली हाथियों ने 5 घरों को किया ध्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के धाधु पंचायत के भैंसादोन ग्राम एवं भगत टोला में शुक्रवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए पांच ग्रामीणों का घर ध्वस्त कर दिया ।वहीं चार एकड़ में लगे धान के फसल को रौंद कर नष्ट कर डाला। जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की आठ से सँख्या में पहुंचे हांथीयो के झुंड ने बिनेश्वर यादव पिता स्व0 लरकु यादव ग्राम भैसादोंन थाना बालूमाथ निवासी वही भगत टोला में सतीश भगत पिता सुनील भगत, फूलन भगत पिता मीचु भगत, बद्रू उराँव पिता तुरी उराँव,तेतरा उराँव पिता तुरी उराँव के घर को ध्वस्त कर दिया ।वहीं उक्त सभी लोगों के घरों में रखा हुआ चावल धान, महुआ समेत खाने पीने का सामान चट कर गए। इसके

अलावा घर में रखा हुआ कई सामान बर्तन अनाज पलंग बक्सा को तोड़ दिया। इसके अलावा जंगली हाथियों के झुंड ने क्चार एकड़ जमीन में लगे विनोद प्रजापति, सराय प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सुरेंद्र उरांव, सहेंद्र उराँव, रामदेव गंझु, लकठु गंझु, लालदेव गंझु, कैलाश प्रजापति, क्रम प्रजापति, नारायण प्रजापति के धान की फसल को नष्ट कर दिया। मामले की सूचना पाकर भाजपा नेता शैलेश सिंह घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली। और वन विभाग से मांग करते हुए कहा की वन विभाग मामले को गंभीरता से ले और पीड़ितों को उचित मुआवजा दे। उन्होंने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का विचारण है। महज एक सप्ताह के भीतर एक दर्जन से अधिक घरों को हाथियों तोड़ दिया है। बावजूद इसके पीड़ितों को ससमय उचित मुआवजा नहीं मिलता है।

विधायक किशुन कुमार दास पहुंचे छत्तीसगढ़, कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : संगठन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास ने प्रतापपुर विधान सभा क्षेत्र के वारडफनगर में आयोजित मंडल स्तरीय बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक। इस दौरान उनका भव्य तरीके से स्वागत किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए योजना बनाई गई एवं स्थानीय भाजपा प्रत्याशी शकुंतला पोर्ते को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने को लेकर संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पुरंजय मिश्रा, राजेंद्र जयसवाल, विश्वनाथ तिवारी, गोपीचरण कुशवाहा, सीताराम अग्रवाल, अनिल गुप्ता, हरि यादव, पदमा ओझा, नरसिंह पटेल, गोपाल प्रसाद कश्यप, राम नारायण साहू, नवनीत प्रताप देव, धीरेंद्र कुमार द्विवेदी, अब्दुल अंसारी, पवन कुमार गुप्ता, अंजू कुशवाहा, शारदा भगत, चंदा कुशवाहा, फूल कुंवर कुशवाहा, जसिंता खाखा सहित सभी शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक, बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए।

मासिक लोक अदालत में 04 वादों का निष्पादन

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण मे शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार ने बेंचों का निरीक्षण किया तथा न्यायिक पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा मामले निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया। इस लोक अदालत में कुल 05 बेंच बनाए गए थे। जिसमें कुल- 04 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 4000. रू मात्र राजस्व की वसूली की गई। इस अवसर पर प्रधान न्यायधीश, कुटुंब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव दास, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नसीर अहमद, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी राहुल कुमार समेत कर्मचारीगण एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

धारदार हथियार से गले में वार कर की गई महिला की हत्या

महुआडाड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता): नेतरहाट थाना क्षेत्र के बटुआ टोली में गुरुवार देर रात एक महिला का धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा नेतरहाट पंचायत के मुखिया रामविशुन नगेसिया को मिली। जिस पर मुखिया द्वारा नेतरहाट थाना को तुरंत सूचना दी गई। इसके बाद थाना प्रभारी बंधन भगत और मुखिया पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां घर के नजदीक मकई टांड़ में महिला का शव मिला, नेतरहाट पुलिस प्रशासन द्वारा शव कब्जे में लेकर थाना लाया गया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बंधन भगत ने बताया की घटना की छानबीन जारी है। घटना के कारण का पता लगाया जा रहा है, वही हत्या के आरोपी 51 वर्षीय दिलेश्वर किसान को छापेमारी के दौरान गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है।

बेतला में 7 सितंबर को कव्वाली का आयोजन

बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता): मुहर्रम चालीसवां के मौके पर बेतला नेशनल पार्क से सटे बेतला मुहर्रम इंतेज़ामिया फलक कमिटी बेतला के तत्वावधान में अगामी 7 सितंबर को स्थानीय बेतला के कर्बला के मैदान में देश के मशहूर कव्वाल शाहरुख शाबरी और सनम वारसी के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। जिसमें कमेटी के नायब ख़लीफा मनउर अंसारी ने दी।

बरवाडीह पुलिस के विरुद्ध ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत छेंचा के पठान टोला के ग्रामीणों ने शनिवार को सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह को उनके आवास पर पहुंच कर बरवाडीह पुलिस के विरुद्ध मांगपत्र सौंपा है। मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि हम पुलिस अधीक्षक लातेहार से बात करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी बात है तो यह ग़लत तरीके हैं।जहां मांगपत्र के माध्यम से बताया गया है कि बीते रात्रि लगभग 12ः 30 बजे पठान टोला में किसी केस में गांव के ही इमामुद्दीन खां पिता इदरीश खां को पकड़ने आई थी उसके घर का दरवाजा बंद था फिर बिना सूचना के बगल के शाबिर खां के अहाते

को फांदकर उसके दरवाजे को खोलकर उसे उठाया जाता है और अभद्र व्यवहार किया जाता है जबकि घर की पहचान के लिए चौकीदार सीताराम भी मौजूद थे। इस तरह बिना बताए किसी के घर में अहाते फांदकर घर में घुसना उसके इज्जत, मान-मर्यादा पर हमला है। इसे लेकर पठान टोला वासी काफी आहत हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने विधायक को मांगपत्र सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने वाट्सएप कॉल कर बताया कि कांड में फरार अपराधी को पकड़ने गए थे और उसे पकड़ कर लाया गया है। उन्होंने बताया कि लोकेशन के आधार पर अपराधी को पकड़ा गया है और लोकेशन दस से बीस मीटर की दूरी को बताता है और धारा के अनुरूप कार्रवाई की गई है।

मो. मनौवर बने कान्हाचट्टी मोमिन कांफ्रेंस के प्रखंड अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : शनिवार को चतरा जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस की अतिमहत्वपूर्ण बैठक कान्हाचट्टी प्रखंड के आरूगड्डा मदरसा में मौलाना गुलाम रसूल रहमानी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जबकि संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष रशीद अंसारी ने किया। बैठक में प्रधान महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी, जिलाध्यक्ष हाजी जैनुल आबेदीन ,यूथ जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी, चुनाव पर्यवेक्षक मौलाना मकसूद, मो मुजाहिर अंसारी, मोमिन कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता कबीर अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे।बैठक की शुरुआत हाफिज मो अख्तर ने तिलावते कुरान से किया।इस बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ में समशाद अंसारी की मॉब लिंचिंग कर हत्या कर दी गई लेकिन अभी तक इस घटना में संलिप्त लोगो की शत प्रतिशत गिरफ्तारी नहीं की गई

तथा राज्य सरकार के द्वारा भी अभी तक कोई आश्वासन या मुआवजा नहीं दिया गया। मोमिन कांफ्रेंस इस बैठक में राज्य सरकार से मांग करती है की समशाद अंसारी के हत्यारे को शत प्रतिशत गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से अविलंब फांसी की सजा दिलाए तथा समशाद अंसारी के आश्रितों को नौकरी तथा 50 लाख रुपया मुआवजा दिया जाय। वहीं नए पदाधिकारियों को प्रधान महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी, जिलाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, तथा यूथ जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी ने गर्मजोशी से माला पहनाकर स्वागत किया। अंत में पूरे देश में अमन शांति बहाल हो इसके लिए दुआ कर सभा की समाप्ति की गई। इस बैठक को सफल बनाने में पूर्व जिलाध्यक्ष रशीद अंसारी, वरिष्ठ नेता कबीर अंसारी, मनौवर अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। इस बैठक में कान्हाचट्टी प्रखंड के सैकड़ों मोमिन शुभचिंतक मौजूद थे।

उपायुक्त के निर्देशानुसार कार्यपालक दंडाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त, चतरा श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार कार्यपालक दंडाधिकारी सह विधि शाखा प्रभारी बिपिन कुमार दुबे, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी एवं जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप बलहोत्रा द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित एवं अन्य मामलें शामिल थे। उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके।

पूर्व विधायक ने किया वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मनिका प्रखंड के देवबार फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर किया।मैच उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों एवं अतिथियों के हाथ में तिरंगा झंडा लहराता दिखा। मौके पर पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट शहीद भगत सिंह के याद में हर वर्ष इस देवबार के मैदान में आयोजित किया जाता है यहां के कमेटी के लोग धन्यवाद के पात्र हैं देश की आजादी में अपने प्राणों की कुर्बानी देने वाले वीर सपूत शहीद भगत सिंह जी की याद में यह टूर्नामेंट करते हैं। वहीं श्री सिंह ने कहा कि देश के गौरवशाली क्षण है। चंद्रयान 3 चांद तक पहुंच गया है। देश का मान सम्मान बढ़ रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच करमाही बनाम परसही के बीच खेला गया मैच में रेफरी के रूप में उमेश कुजूर ने खेल खेलाया। मौके पर शिक्षक सह समाजसेवी गुमानी सिंह, ग्राम प्रधान बालेश्वर सिंह,विकास कुमार, नीतीश भारती समेत कई लोग उपस्थित थे।

माफियाओं द्वारा हमारे राजद कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट व अपमानित शब्द बर्दास्त नहीं : शारदा देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : थाना क्षेत्र के लोबगा गाँव में माफियाओं का आतंक इन दिनों बढ़ गया है। रूपये के लालच में ग्रामीणों के साथ मारपीट एवं अपमान जनक शब्द का उपयोग माफियाओं द्वारा किया गया है। बीते शुक्रवार को हमारे राजद कार्यकर्ताओं के साथ जमीनी मामले को लेकर बालदेव ठाकुर, मो.नेशार आदि दबंगों ने मारपीट करते हुए गाली गलौज एवं अपमान जनक शब्द का उपयोग किया गया है। जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जबकि सारो देवी, संगीता देव एवं सभी ग्रामीण राजद कार्यकर्ता हैं। सिमरिया पुलिस यदि अविलंब सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो हम सभी जिला से लेकर प्रखण्ड राजद कार्यकर्ता गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर उतर कर आंदोलन व सड़क जाम करेंगे। लोबगा गाँव में बसे सभी ग्रामीण व कार्यकर्ता उक्त जमीन पर पूर्वजों से जोत कोड व जीवकोपार्जन करते आ रहे हैं और भू स्वामी है। वैसे में उक्त

जमीन पर भू माफियाओं का कब्जा किसी भी हाल में नहीं होने देंगे। ऐसे दलाल माफिया कागजातों से छेड़ छाड़ कर गरीब भोली भाली ग्रामीणों को ठगने का काम करता है। आखिर सिमरिया पुलिस अभी तक इन आरोपियों को क्यों नहीं गिरफ्तार कर रही है। दो दिन के अंदर यदि बालदेव ठाकुर, मो.नेशार आदि लोगों को गिरफ्तार नहीं की गयी तो हम राजद आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

सीसीएल के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना के सीएसआर के तहत विस्थापित गांव होनहे के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शनिवार को विद्यालय के बच्चों के बीच स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के द्वारा कुल 60 बच्चों का स्वास्थ्य जांच करते हुए उनके बीच दवाई का वितरण किया गया। परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि परियोजना लोगों की सुरक्षा को लेकर दृढ़ संकल्पित है, और आगे भी इस तरह का कार्य हमेशा करता ही रहेगा।

बालदेव ठाकुर व नेशार द्वारा हमारे पार्टी के पंचायत अध्यक्षया के साथ मारपीट दुर्भाग्य पूर्ण : गुड्डू आलम

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के लोबगा गांव में बीते शुक्रवार को भू माफिया बालदेव ठाकुर एवं मो नेशार द्वारा राजद कार्यकर्ता संगीता देवी, सारो देवी एवं ग्रामीणों के साथ मारपीट या अभद्र गाली गलौज करना दुर्भाग्य पूर्ण है। ऐसे व्यक्तियों को किसी हाल में बक्शा नहीं जाना चाहिए। यह बातें राजद के सिमरिया प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डू आलम ने कहा। आगे कहा कि यदि सिमरिया पुलिस वैसे लोगों को अविलंब गिरफ्तार नहीं करती है तो हम सिमरिया राजद कार्यकर्ता सड़क पर आकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। चुकी घायल एवं अपमानित किए गए महिला राजद के कार्यकर्ता के साथ साथ एक महिला भी है और मंत्री सत्यानन्द भोगता के भतीजी भी है। ऐसे में इस तरह कायरता पूर्ण एवं घिनोनि हरकत करना शर्मनाक है। लोबगा गाँव के जितने भी गाँव वासी हैं उक्त जमीन पर पूर्वजों से जोत कोड अवाद करते आ रहे हैं। कोई भी व्यक्ति 10 वर्ष से जिस जमीन पर जोत कोड व अवाद कर रहा होता है तो सरकार द्वारा भी उक्त जमीन को भू स्वामियों को सरकारी पट्टा दिया जाता है। ऐसे में उक्त जमीन पर ऐसे लोगों को कोई अधिकार नहीं था कि दखल दें और वहां के लोगों के साथ मारपीट एवं गाली गलौज करते हुए अपमानित शब्द का उपयोग करें। ऐसे में हम सिमरिया प्रखण्ड राजद कार्यकर्ता पंचायत अध्यक्षया एवं ग्रामीणों के साथ खड़े हैं।

भाजपा नेता राजेंद्र साहू के ब्रह्म भोज में शामिल हुए विधायक व कई अतिथि

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ के भाजपा नेता व कोल व्यवसायी स्व0 राजेंद्र प्रसाद साहू के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शनिवार को लातेहार विधायक बैजनाथ राम, लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पुनम देवी, देवंती देवी जीप सदस्य टंडवा समेत कई लोगों ने उनके भामाशाह नगर आवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। एवं ब्रह्म भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद साहू का निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है इसकी कमी कभी पूरा नहीं किया जा सकता। इस मौके पर चतरा जिला साहू समाज के जिला अध्यक्ष सरवन साहू, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के उज्जवल दास, ललित साहू टंडवा, उमाशंकर साहू चतरा, अमित कुमार साहू सिमरिया, सुदामा प्रसाद लातेहार, दीपक कुमार साहू, कोडरमा, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐष्वर्य उरांव, राजेश यादव, सुरेश यादव समेत भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास की अध्यक्षता में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम हेतु अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई।बैठक में उपस्थित सभी अंचल अधिकारी सिमरिया अनुमंडल, सभी थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि माननीय हृतज्ञ न्यायादेश के अनुसार मानसून सत्र दिनांक 10 जून, 2023 से 15अक्टूबर, 2023 तक की अवधि में राज्यान्तर्गत नदीघाटो से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्य यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण ना हो इसके लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रखें। आगे उन्होंने कहा आए दिन नदी घाटों से अवैध रूप से बालू के उठाव की शिकायत प्राप्त हो रही है। प्राप्त शिकायत के विरुद्ध एक्शन प्लान बनाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ पिपरवार एवं टंडवा क्षेत्र में कोल वाहनों से हो रहे प्रदूषण नियंत्रण को लेकर भी औचक जांच अभियान चलाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।उक्त बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

पढ़ाई से वंचित रखने पर बच्ची ने ठानी पढाई की जिद

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के बरियातू पंचायत में स्थित सिमरातरी गांव से एक बच्ची ने कड़ी निर्णय ली है। माता-पिता ने गरीबी के कारण पढाई से वंचित रखना चाहती थी। किन्तु बच्ची ने पढ़ाई के लिए जिद ठान ली और अंत में विद्यालय में नामांकन करा कर दम ली। बच्ची ने पढ़ लीख कर होनहार बनने के लिए माता पिता को नसीहत दे डाली।लड़की का नाम प्रियंका कुमारी माता सुनीता देवी पिता संतोष भुइंया है। उम्र लगभग 12 वर्ष बताया जा रहा है। इस बात को सुनकर लड़की के माता ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिमरातरी के शिक्षक सरवन कुमार को बताई। और इन्होंने तुरंत बीआरपी कृष्ण मुरारी पांडेय को बताएं। और बीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची का छन्कलास में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गिद्धौर में नामांकन शनिवार 26 अगस्त को करवाया गया। जब बच्ची का नामांकन विद्यालय में हुआ तो बच्ची के चेहरा पर खुशी देखा गया। आगे बताते चले की बच्ची सिमरातरी विद्यालय से बीते साल ही पांचवी पास कर घर में एक साल से नामांकन के लिए माता-पिता को प्रेरित कर रही थी। जबकि उसके बात को माता-पिता अनसुना कर रहे थे।

संक्षिप्त खबरें

द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन 2 सितंबर को

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री श्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन 2 सितंबर दिन शनिवार को शहर के मुनका बगीचा में आयोजित किया जा रहा है श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा यह कार्यक्रम दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्री श्याम परिवार तुलसी धाम कोलकाता के विशेष आशीर्वाद से संपन्न होगा। कोलकाता के दो सबसे पुराने एवं सुप्रसिद्ध मंडल श्री श्याम मित्र मंडल कोलकाता एवं श्री श्याम कला भवन कोलकाता को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। 2 सितंबर को 12ः30 बजे बाबा श्याम की पूजा अर्चना के साथ भव्य भजन संध्या प्रारंभ किया जाएगा। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल अपनी भजनों से हजारीबाग के श्याम भक्तों को रिझाएंगे। भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम का अखंड ज्योत, इत्र की वर्षा, फूलों की होली, मनोहरी श्रृंगार, सवामणि, छप्पन भोग एवं महाभोग का आयोजन किया गया है।भजन संध्या में झारखंड के समस्त मंडल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। भव्य भजन संध्या का लाइव टेलीकास्ट 35 एम एम चैनल पर किया जाएगा।भजन संध्या में आयोजक मंडली के अनुमानित तीन हजार से भी अधिक श्याम भक्त की पहुंचने की उम्मीद है वही हजारीबाग शहर से बाहर के आने वाले श्याम भक्तों की संख्या करीब एक हजार बताई जा रही है।

मेगा लोक अदालत सह सशक्तिकरण शिविर आज

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): डालसा के तत्वावधान में आज मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन सभी प्रखंडों में किया गया है। पूर्वाह्न 10ः30 बजे से शिविर आयोजन सदर प्रखंड के नगर भवन में आयोजित किया गया है। शिविर के दौरान प्री लिटिगेशन के मामले इसमें सभी प्रकार के सिविल एवं आपराधिक सुलहनीय योग्य मामले के अलावा न्यायालय में लंबित मामले सुलहनीय प्रकृति के मामले को स्थाई लोक अदालत के अधिवक्ता पैनल के मध्यस्थ, सदस्य आदि के माध्यम से वादों को निष्पादन के लिए पहल की जाएगी साथ ही आमलोगों को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के बारे में जागरूक भी किया जाएगा।इसके अलावा प्रखंड प्रशासन के द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जाएगा एवं लोगों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा।

पूर्व विधायक ने रोज रेस्टोरेंट एंड गेस्ट हाउस का किया उद्घाटन

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ के गोला रोड़ एल.आई.सी. ऑफिस के निकट में शनिवार को रोज रेस्टोरेंट एंड गेस्ट हाउस का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ममता देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर होटल के संचालक संतोष यादव ने बताया कि यहां खाने पीने एव ठहरने के सभी सुविधाए उपलब्ध है। यहां चिकन बिरयानी, भेज बिरयानी, कढ़ाई पनीर, भेज एव नॉन भेज थाली आदि वही ठहरने के लिए एसी एव नॉन एसी रूम कम और सस्ते दरों में उपलब्ध है। मौके पर पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो,रमेश सलूजा, कमलेश महतो, कुमार मगलेश, अनिल सिंह, मालिक अशोक यादव, अखिलेश यादव, संतोष यादव, हीरा गोप, रमेश यादव, अविनाश सिंह, नरेश राय, कमलेश यादव, राजेंद्र यादव, विकाश यादव, गौतम सिंह, राहुल गुप्ता, मुकेश यादव, संजय साव, संतोष नायक, छोटू सिंह, संजू गोयनकर, बीरबल खान आदि उपस्थित थे।

श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बड़े हर्षो- उल्लास के साथ इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी राखियां बनाई कुछ ने वेस्ट मटेरियल एवं अन्य कई प्रकार के पदार्थो से राखियां बनाई ।बच्चों द्वारा सुंदर-सुंदर राखियां बनाई गई। स्कूल के प्रधानाध्यापक आर? एस? गोस्वामी ने छात्राओं को राखी के महत्व के बारे में बताया और साथ ही कहा कि ऐसी हस्त कलाओं में बढ़-चढ़ कर सभी को हिस्सां लेना चाहिए। इससे इनके अंदर छुपी हुई कला बाहर निकलकर आती हैं, जिससे इनका सर्वांगीण विकास होता हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आर? एस? गोस्वामी, नवल किशोर , मो? अजहर,आशा सिन्हा, आशा रानी, अलिशा खान, देवजानी मुखर्जी, सास्वती बनर्जी,वर्णाली मुखर्जी, होलिका कुमारी, मोनिका कैरल, मेघा गुप्ता, मेघा कुमारी, चाँदनी कुमारी उपस्थित थे।

कभी भी गिर सकता है सोसो कलां में एनएच 23 के किनारे वर्षों पूर्व लगा बरगद का पेड़

गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां चौक के समीप वर्षों पुराना एक बरगद का पेड़ है जिसके कभी भी टूट कर गिरने की संभावना है, जिससे आसपास के घर वालों व राहगीरों के बीच हमेशा खतरे का भय बना रहता है। मामले को लेकर इस संबंध में निकट के रहने वाले व ग्रामीणों का कहना है की विगत कुछ दिनों पुर्व जोरदार बारिश हुई थी तथा पेड़ के बीच वज्रपात हुआ था जिससे पेड़ की डाली को काफी नुकसान पहुँचा था जिससे यह पेड़ कभी भी अचानक टुटकर गिर सकता है। इस पेड़ से होकर 11000 के उ.वोल्टेज तार भी गुजरा है तथा इसके सौ मीटर के दायरे में सरकारी विद्यालय भी है तथा दो चार घर एवं एक दो दुकान भी है। किसी तरह से अचानक पेड़ टूटकर गिरती है तो लोगों के बीच एक बड़ा जान माल का खतरा हो सकता है। इस संबंध में बगल के रहने वाले व्यक्ति मो0 इस्तियाक ने एक आवेदन लिखकर इसकी प्रतिलिपि डीएफओ रामगढ़, डीसी रामगढ़, सीएमओ राँची झारखंड व एनएचआई धनबाद तथा बीडीओ गोला को पत्र प्रेषित कर चुका है लेकिन विभागीय अधिकारीयों के द्वारा मामले पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिससे लोगों ने अविलंब मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर इसपर शीघ्र समाधान करने की बात कही है।

रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन हुआ वेदी पूजन, परिक्रमा हुई आरंभ

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधबाजार सिरका(टोंगी) के मुख्य मार्ग शिव मंदिर के प्रांगण में शनिवार को पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन वेदी पूजन, रुद्राभिषेक, हवन और भक्तों की परिक्रमा आरंभ हो गई। यज्ञ पं. सदानंद झा, शलैश भारद्वाज, दिगम्बर जी महाराज, पं. रविन्द्र झा और पांच ब्राह्मणो द्वारा पूर्ण मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। महिला, पुरुष भक्तजन यज्ञ स्थल की भ्रमण कर महादेव के नामो का जयकारे लगाया। सभी ने अपने परिवार और क्षेत्र में सुख, शांति की कामना किया। मौके पर यज्ञ समिति के अर्जुन भुईयां, आशिकांत सिंह, विनोद, चांदी रवानी गीता देवी, ज्योति देवी, फूलों देवी, अंजु देवी, अमित भुईयां सहित कई महिला, पुरुष भक्तजन मौजूद थे।

किसी भी पार्टी के लिए कार्यकर्ता सबसे बड़ी चीज है : बिनोद विश्वकर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : झारखंड मुक्ति मोर्चा बरही प्रखंड के संयोजक मंडली की एक बैठक प्रधान कार्यालय बरही मैं की गई। जिसकी अध्यक्षता मुख्य संयोजक विश्व सूत्री सदस्य रंजीत पांडे व संचालन बीस सूत्री सदस्य अब्दुल इम्तियाज उर्फ बबलू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विनोद विश्वकर्मा उपस्थित रहे। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि बरही प्रखंड अंतर्गत तमाम पंचायत का पंचायत कमेटी गठन कर एवं पंचायत एवं प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक पार्टी में जोड़कर संगठन का मजबूत बनाना है। मौके पर विनोद विश्वकर्मा ने कहा की प्रखंड के जांबाज और संघर्षशील

आंदोलनकारी ने झारखंड अलग राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई है और कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया है। कार्यकर्ता ही पार्टी का रीड है। बैठक में तोहिद अली, बिट्टू विश्वकर्मा, गोविंद भगत, मुमताज आलम, ब्रजकिशोर साहू, सिकंदर पांडे, मनोज केसरी, संजय राम, टिंकू सिंह, संतोष सोनी आदि उपस्थित रहे।

वात्सल्य धाम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने छत्तरमाण्डू स्थित वात्सल्य धाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं वात्सल्य धाम के संचालकों से वर्तमान में वात्सल्य धाम में रह रहे बच्चों एवं उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने बरसात के मौसम के मद्देनजर बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने तथा खान-पान हेतु निर्धारित रोस्टर का अनिवार्य रूप से पालन

सुनिश्चित करने सहित अन्य निर्देश दिए। वहीं में निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बच्चों के साथ समय व्यतीत कर उन्हें वात्सल्या धाम के माध्यम से मिल रहे लाभ के जानकारी ली। साथ ही सभी को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने की शुभकामनाएं दी। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ वात्सल धाम में वृद्धाश्रम संचालित करने को लेकर भी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सावन महोत्सव का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु बाजार के प्रांगण में वाटिका खंड के विकास हेतु मातृ गोष्ठी एवं सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसके तहत विद्यालय के बहनों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की दीदी जी निर्मला कुमारी ज्योति पुरी नूतन कुमारी रानी कुमारी निक्की कुमारी शिल्पी पाठक तथा आदि आचार्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र कुमार पांडे ने दी है ।

विधायक ने लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा व केदारुत पंचायत में सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक उपस्थित हुवे। मौके पर अतिथियों के हाथों सोना सोबरन योजना के तहत जरूरतमंद कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पूर्व प्रमुख सह पंसस गिरधारी लाल यादव, एमओ प्रभारी डॉक्टर मुकेश कुमार, केदारुत मुखिया सरिता देवी,

सर जे सी बोस में झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट कॉउंसलिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : शनिवार को सर जे सी बोस सी एम स्कूल आफ एक्सीलेंस गर्ल्स में झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल द्वारा उपलब्ध कराए गया। एकेडमिक कैलेंडर के तहत इंटर हाउस राखी मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। साथ ही साथ महान विभूति संत मदर टेरेसा की जीवनी पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ ।प्राचार्य ने कहा की ऐसे आयोजनों से प्रतिभा को मंच तो मिलता ही है। उनके हौसलों को मिलती है उड़ान ।

विद्यालय लगातार प्रतिभा को संवारने में ईमानदारी से लगा है इंटर हाउस राखी मेकिंग कंपटीशन में विद्यालय में संचालित 6 हाउस के करीब 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया सबों ने एक से बढ़कर एक राखी बनाया और अपनी कला का प्रदर्शन किया इस राखी मेकिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान पर कल्पना चावला हाउस की वर्षा कुमारी द्वितीय स्थान पर कल्पना चावला हाउस की ही हंसिका पांडे और तृतीय स्थान पर सावित्रीबाई फुले की सृष्टि केसरी और सरोजिनी नायडू हाउस की दीपिका पांडे जबकि विद्यालय में मदर टेरेसा की जयंती पर आयोजित सेमिनार में करीब 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें से प्रथम स्थान में मुस्कान कुमारी मदर टेरेसा हाउस की द्वितीय स्थान पर महक कुमारी सावित्रीबाई फुले हाउस की और तृतीय स्थान पर साजिया परवीन सरोजिनी नायडू हाउस की बच्चियों ने अपना कब्जा जमाया।

सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : डुमरी विधानसभा उप निर्वाचन के निमित्त आज दिनांक 26.08.2023 को समाहरणालय सभा कक्ष में सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पीपीटी के माध्यम से माइक्रो आब्जर्वर की कार्य एवं भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। माइक्रो आब्जर्वर को मतदान केंद्र पर पूरे चुनाव प्रक्रिया को बहुत ही सूक्ष्म रूप से अवलोकन करते हुए सामान्य प्रेक्षक महोदय को रिपोर्ट उपलब्ध कराना है।

माइक्रो आब्जर्वर को पूरे चुनाव प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई साथ ही साथ ई.वी.एम.की इकाइयों को संयोजन कर मॉक पोल का

हैंड्स ऑन कराया गया। प्रपत्र 17 ग पीठासीन की डायरी एवं मॉक पोल रिपोर्ट, मतदाता सूची एवं अनुपूरक सूची, एसडी लिस्ट, निविदत वोट, चैलेंज वोट एवं टेस्ट वोट के बारे में बताया गया।

माइक्रो आब्जर्वर के लिए भरे जाने वाले प्रपत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा पदाधिकारी ,जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में आदित्य झा, विजेंद्र सेठ मनोज राय उपस्थित थे।

28 अगस्त को धनबाद-अल्लेपी एक्सप्रेस के समय में बदलाव

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : दक्षिण मध्य रेलवे में गुनाडाला-विजयवाड़ा के बीच तीसरी लाइन के लिए चल रहे कार्य के कारण दिनांक 28.08.2023 को गाड़ी संख्या 13351, धनबाद-अल्लेपी एक्सप्रेस के समय को पुनर्निर्धारण किया गया है द्य ये गाड़ी 150 मिनट देरी से खुलेगी। उक्त जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

टोटो की बैट्री चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार

कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : इलेक्ट्रिक रिक्शा, टोटो की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।चोरी हुई चार टोटो की बैटरी भी पुलिस ने बरामद की है। 24 वर्षीय शमशाद आलम और कुंदन कुमार ठाकुर के साथ 51 वर्षीय शफीक अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वासेपुर के नया बाजार कबाड़ी पट्टी का रहने वाला शफीक चोरी की बैटरी कुंदन और शमशाद आलम से खरीदकर उसे खपाने का काम करता था। बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी दी।

जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक सम्पन्न

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में अनुकंपा के आधार पर 05 व्यक्तियों के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से 02, सिविल सर्जन कार्यालय से 02 एवं रेलवे पुलिस से 01 प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, एडीएम आपूर्ति योगेंद्र प्रसाद, सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन, शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, स्थापना उप समाहर्ता सुशांत मुखर्जी, सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, रविवार, 27 अगस्त 2023| पेज 11

अरविंद कुमार लाल ने की रक्षाबंधन, चेहल्लुम, जन्माष्टमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में श्रावण की अंतिम सोमवारी, रक्षाबंधन, चेहल्लुम, जन्माष्टमी समेत अन्य त्यौहारों के आयोजन व विधि-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न प्रखण्डों से आए शांति समिति के सदस्यों की ओर से अपने-अपने क्षेत्र में त्यौहारों के आयोजन की जानकारी दी गई। अनुमण्डल पदाधिकारी ने इस मौके पर सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि गत त्यौहारों में सभी समुदाय के लोगों ने विभिन्न पर्व-त्यौहारों में आपसी सौहार्द व भाईचारा का संदेश समाज को दिया है। आगामी त्यौहारों में भी इसे बनाये रखने की आवश्यकता है। समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने में शांति समिति के सदस्यों, दण्डाधिकारियों,

थाना प्रभारियों की अपनी-अपनी भूमिका होती है जिसे पूरी तन्मयता से निभाने की जरूरत है। आप सभी ने इससे पहले भी यह कार्य करते आए हैं। सभी प्रखण्डों में युवा सद्भावना मंच के बैनर तले कार्यक्रम होते रहे हैं जिसे आगे भी जारी रखें। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमलोगों को जोड़े ताकि आपसी मेलजोल एवं सौहार्द्र बना रहे। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी/ थाना प्रभारी इसके अंतर्गत कार्यक्रम निर्धारित कर लें और युवा सद्भावना मंच के कायक्रम जारी रखें। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना में शांति समिति की बैठक कर लें। असमाजिक तत्वों पर नजर रखें। किसी भी आयोजन में भड़काऊ भाषण देने वालों को शामिल नहीं करें। सभी कार्यक्रम सुरक्षित रूप से आयोजित किये जायें। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को आगामी पर्व-त्यौहारों को देखते हुए सभी प्रखण्ड क्षेत्रों में अंचल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए मिठाई व खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद ने कहा कि सभी समुदाय के लोग आगामी त्यौहार पूरी सादगी व भाईचारे के साथ मनाएं। जहां भी भीड़-भाड़ की स्थिति रहेगी वहां यातायात नियंत्रण की व्यवस्था रहेगी। हांडी फोड़ प्रतियोगिताओं में सुरक्षा का ध्यान रखें। आपकी सुरक्षा के लिए सभी तत्पर रहें। किसी भी तरह की सूचना पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवश्य दें। सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र की आसूचना संग्रहित करें। आज की बैठक में सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखण्डों से विभिन्न सामाजिक संगठन व जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

अमरनाथ यात्रियों द्वारा किया गया भण्डारा का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : दुर्गा मंदिर परिसर मेन रोड सेन्हा में अमरनाथ यात्रियों के सौजन्य से माँ अम्बे व्यवसायिक संघ द्वारा भव्य भण्डारा का आयोजन किया गया। सावन के पवित्र महीने में श्रद्धालुओं का सभी मंदिरों में दर्शन एवं पूजन के लिये भीड़ देखा जाता है। ऐसी ही भक्ति सेन्हा के 9 सदस्यों द्वारा काश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा में विराजे बाबा बर्फानी का दर्शन के लिये जाने के उपरान्त किनेश साहू, राजू साहू, जयप्रकाश साहू, राजकुमार साहू, रमेश महतो, रविंद्र सुक्ला, विकास साहू,निर्मल खंडित तथा जितेंद्र साहू 8 जुलाई को गए हुए थे जो दर्शन कर सकुशल वापस लौटने के उपरान्त सभी भक्तों ने मिलकर अमरनाथ में ट्रस्ट द्वारा भण्डारा का आयोजन को देखकर प्रेरणा लेकर पवित्र माह सावन में भव्य भंडारा का आयोजन करने का संकल्प लेते हुए 26 अगस्त को दुर्गा मंदिर परिसर मेन रोड सेन्हा में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भण्डारे मे क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों ने बढ़चढ़ कर शामिल हो प्रसाद ग्रहण किया वही भण्डारे को सफल बनाने में मां अम्बे व्यवसायिक संघ सेन्हा तथा महिला भक्तों का विशेष योगदान रहा। मौके पर सविता देवी, गायत्री देवी, किनेश साहु, अजय सोनी, पूनम देवी, सीमा देवी, सानिया कुमारी, कंचन देवी, अनु देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्तजन उपस्थित थे।

चहल्लुम मेला आयोजन को लेकर अंजुमन इस्लामिया की बैठक सम्पन्न, कमिटी का हुआ विस्तार

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): चहल्लुम मेला आयोजन को लेकर भड़गांव बाजार मैदान में अंजुमन इस्लामिया के तत्वधान में जनाब अजहर अंसारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कमिटी का चयन किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम स्थित सप्ताहिक बाजार मैदान में चहलुम मेला आयोजन को लेकर अंजुमन इस्लामिया भड़गांव,कल्हेपाट एवं अरू का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक जनाब जहूर अंसारी के सदारत में आयोजित किया गया। जिसमें पुराने कमिटी को भंग करते हुए नया कमिटी का चयन किया गया। बैठक के दौरान सर्व सहमति से निर्णय लेते हुए सदर पद के लिए मिनहाज अंसारी,वाइस सदर वकील अंसारी,सेकेट्री रुषतम अंसारी वाइस सेकेट्री अबुसहमु अंसारी उर्फ सोनू खजांची सरताज अंसारी का नाम चयन किया गया। तथा भड़गांव पंचायत मुखिया और अरू पंचायत मुखिया को मुख्य संरक्षक बनाया गया। कमेटी चयन के उपरान्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिये समाजसेवी जहूर अंसारी पूर्व मुखिया प्रकाश उराँव, ताहिर अंसारी, फिरोज अंसारी सहित गणमान्य लोगों का नाम चयन किया गया।

जलडेगा में भारत माला परियोजना को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : शनिवार को जलडेगा अंचल कार्यालय सभागार में भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने जलडेगा सीओ की अध्यक्षता में अंचल कर्मियों और जनप्रतिनिधियों से बैठक कर भारत माला परियोजना की जानकारी दी। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया की भारतमाला परियोजना भारत की राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित और वित्त पोषित एक परियोजना है। यह परियोजना केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के अंतर्गत आती है और मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है। किसी भी देश की प्रगति उसके परिवहन नेटवर्क पर निर्भर करती है और इस बात पर भी निर्भर करती है कि इन परिवहन नेटवर्क का पोषण कैसे किया जाता है। इसी सोच के साथ भारतमाला परियोजना योजना अस्तित्व में लाई गई है। सड़कों का निर्माण और

विकास एक महान माध्यम है जो किसी देश की आर्थिक वृद्धि और विकास में अत्यधिक योगदान देता है। अच्छी सड़कें होने से राष्ट्र के विकास में भी योगदान मिलता है क्योंकि इससे अतिरिक्त लाभ जुड़े होते हैं। भारत माला परियोजना के तहत रांची से संबलपुर तक कुल 150 किलोमीटर तक फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाना है। बैठक में बताया गया कि भारत माला सड़क जलडेगा अंचल के सीलिंगा और लम्बोई से होकर गुजरेगी। बैठक में जलडेगा सीओ डॉ खगेन महतो ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को भरोसा दिलाया कि भारत माला परियोजना में अंचल टीम उन्हें हर संभव मदद करेंगे। बैठक में प्रमुख जुसाफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा, लम्बोई मुखिया शिशिर डांग, टीनगिना मुखिया कल्याण गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, अंचल कार्यालय के राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

रेफरल जजेज और मध्यस्थतों को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कैलेंडर के निर्देशानुसार आज रेफरल जजेज एवं मध्यस्थतों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर स्थित डालसा सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोहरदगा श्री राजेंद्र बहादुर पाल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न्यायालय द्वारा मध्यस्थता केंद्र को भेजे जा रहे हैं वादों के संबंध में मध्यस्थ और न्यायाधीश जिन्होंने केस मध्यस्थतों को भेजा है,के बीच एक संवाद स्थापित करना है ताकि कार्य में आ रहे किसी भी तरह कमियों को दूर किया सके और मध्यस्थता के द्वारा वादों का सफल निष्पादन सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस बात को रेखांकित किया कि मध्यस्थता के

माध्यम से लगातार वादों के निष्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत सरकार के द्वारा नया मध्यस्थता कानून भी लाया जा रहा है। झालसा रांची के निर्देश पर भी स्पेशल मध्यस्थता कार्यक्रम 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष ने भी अपने विचार रखे और मध्यस्थतों से आग्रह किया कि पार्टी जो चाहती है,उसीके अनुसार मामले को देखें और सुलझाने का प्रयत्न करें। यदि मामला नहीं सुलझ पाता है तो इसके लिए पार्टी पर जोर जबरदस्ती नहीं किया जाए । कार्यक्रम में इस बात को भी रेखांकित किया गया कि सतेन्द्र कुमार अंटिल के जजमेंट के अनुरूप वैसे केस जो अग्रिम जमानत के स्तर पर मध्यस्थ को भेजे गए हैं उसका शीघ्र से शीघ्र रिपोर्ट को कोर्ट को जमा करें ताकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का पालन किया जा सके। आज के कार्यक्रम में प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, तृतीय जिला जज श्री अरविंद कुमार, वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण, पूजा कुमारी लाल एवं सुचिता निधि तिग्गा के अतिरिक्त मध्यस्थ नसीम अंसारी, कुमार चंद्रशेखर, प्रवीण कुमार भारती एवं युगल किशोर उपस्थित थे।

कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): विकास भारती बिशुनपुर एवं भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वाधान में कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा वित्तपोषित कल्याण विभाग झारखंड सरकार में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल सुपर स्पेशलिटी रांची के जनरल फिजिशियन डॉक्टर के सी लाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंदिया अनुराधा एवं कल्याण अस्पताल बसारडीह लोहरदगा के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत कुमार अग्रवाल, जनरल फिजिशियन डॉ बी मांझी, डॉ चंदन कुमार एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आस्था सिन्हा के द्वारा सुदूर गांव के ग्रामीण मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया साथ ही हृदय रोग से पीड़ित 10 मरीज का ई सी जी जांच किया गया साथ ही सभी मरीजों को आवश्यकता अनुसार ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर ऑक्सीजन मैप पल्स रेट एवं निशुल्क दवा दिया गया इस जांच शिविर में हृदय रोग के 18, नस रोग के 41, नेत्र रोग के 70, शिशु रोग के 33, दंत रोग के 12 सामान्य रोग के 65कुल 233 मरीज का निशुल्क इलाज किया गया उक्त शिविर को सफल बनाने में कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक लिसनिंग मैनेजर राजीव रंजन सिंह विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव श्री महेंद्र भगत देवेंद्र मंडल भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची के दीपक कुमार कल्याण अस्पताल के अरुण राम मुकेश साहू फार्मासिस्ट वरुण सिंह कंचन कुमारी लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, ललिता देवी, शनिचरिया उरांव, धर्मेंद्र भगत, सुरेंद्र लोहरा, सुगमबर भगत, दिलेश लोहरा आदि प्रमुख थे।

अफरोज आलम ने 53 कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सोना सोबरन योजना के तहत सेरेंगहातु तोड़र पंचायत भवन में आपूर्ति विभाग के निर्देश पर जनवितरण प्रणली दुकान संचालकों के नेतृत्व में कार्ड धारियों के बीच जनप्रतिनिधियों ने किया धोती साड़ी व लुंगी का वितरण। सेन्हा प्रखंड के सेरेंगहातु पंचायत भवन में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर सोना सोबरन योजना के तहत कैम्प आयोजित कर धोती साड़ी व लुंगी वितरण किया गया। जिसका शुभारम्भ 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की द्वारा कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरण कर किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में निधारित समय के अनुसार कैम्प का आयोजन कर धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण जा रहा है। जिसके तहत जनवितरण कार्ड धारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वही सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी एवं लुंगी वितरण में पंचायत क्षेत्र के सभी 7 पीडीएस दुकान संचालकों में 6 दुकानदार द्वारा धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। जिसमे नाज महिला मंडल द्वारा 10, दीपज्योति महिला मंडल द्वारा 8, बिरसा विकास दल सीठीयो द्वारा 10, ज्योति महिला मंडल द्वारा 7, एलिस कुजूर द्वारा 8 तथ ा शिवदयाल भगत द्वारा 10 लाभुकों को धोती, साड़ी व लुंगी दिया गया।

ठेठईटांगर में हुआ जीका परियोजना का छेत्र स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

ठेठईटांगर : घोड़ीटोली में जीका परियोजना का छेत्र स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें राज्य से आए परियोजना प्रबंधक पंकज के द्वारा टपक सिंचाई से खेती कर लखपति किसान बनने के लिये बताया गया। साथ में आए डॉ शिवेंद्र सर के भी फ़सल के बारे में टेक्निकल जानकारी दिए एवं अभियंता सुद के द्वारा टपक सिचाई के पार्ट्स की जानकारी एवं प्रैक्टिकल करके दिखाए। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के बीपीएम ठेठईटांगर से संदीप कुमार एवं कोलेबिरा से प्रेरणा सांगा, सिमडेगा से गायत्री भगत एवं प्रखण्ड से एफ़टीसी मरियाणा गुड़िया तथा बाई आर पी, सी आर पी,आई एएफ़ सी कोऑर्डिनेटर एवं किसान दीदी शामिल हुए।

हमेशा याद किया जाएगा दिवंगत सुनील मिंज की वीरता : विधायक भूषण बाड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : रिटायर्ड फौजी सुनील मिंज के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा व जिप सदस्य जोसिमा खाखा* सिमडेगा रिटायर्ड फौजी और कांग्रेस नेत्री प्रतिमा कुजूर के बड़े भाई सुनील मिंज का शानिवार को खूंटीटोली स्थित उनके पैतृक निवास में अंतिम संस्कार किया गया। अन्तिम संस्कार कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुई। साथ ही दिवंगत के पार्थिव शरीर को दफन करते हुए परिजनों को हिम्मत से काम लेने की अपील की। विधायक ने कहा कि दिवंगत सुनील मिंज ने भारतीय सेना में नौकरी करते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया था। इन्होंने अपनी बीरता से दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। कारगिल युद्ध मे भी इन्होंने अपनी बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। दिवंगत सुनील हमेशा एक वीर योद्धा के रूप जाने जाएंगे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, कांडीदात गोविंदा महतो, पूनम लकड़ा, मंजू तिर्की, पूर्व मुखिया मुक्ता तिर्की भी शामिल हुए।

रांची में शौण्डिक संघ का राष्ट्रीय सम्मेलन ऐतिहासिक होगा : आलोक साहू

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला शौण्डिक संघ के पूर्व जिला महासचिव आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ के तत्वाधान में 24 सितंबर दिन रविवार को रांची मोराबादी स्थित संगम गार्डन हॉल परिसर में अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। श्री साहू ने कहा कि इससे पूर्व में 1984 को बांग्ला स्कूल मैदान ओल्ड कमिश्नर कंपाउंड रांची में तत्कालीन सांसद स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के नेतृत्व में सभी के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस बार राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रभारी स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के छोटे भाई लोहरदगा निवासी देश के नामचीन व्यवसायी उदय शंकर साहू जी हैं। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय संगठन के साथ ही विभिन्न प्रदेशों देश विदेश के अतिथिगण रांची झारखंड के धरती पर राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने आ रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूरे देश में जनसंपर्क अभियान प्रारंभ हो गया है लोहरदगा जिला से भी सैकड़ो की संख्या में शौण्डिक संघ के सदस्य सम्मेलन में भाग लेंगे।

सड़क दुर्घटना में दोनो मोटरसाइकिल चालक घायल एक को किया गया रिम्स रेफर

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अरू पुल के समीप दो मोटरसाइकिल के टक्कर में दोनों चालक घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने अस्पताल में कराया भर्ती एक का स्थिति गम्भीर सूचना पर पहुंची पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरू पुल के समीप एन एच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर दो मोटरसाइकिल के टक्कर में दोनों चालक घायल हो गये। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घायल अवस्था मे दोनों को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां एक कि स्थिति को नाजुक बताते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया जहां बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। घायल की पहचान अरू बांध टोली निवासी तिफाजत अंसारी के रूप में किया गया जिसे गम्भीर चोटें आई है। वही दूसरा पल्सर मोटरसाइकिल चालक सेन्हा नवाटोली निवासी सोमा उराँव के 25 वर्षीय पुत्र दीपक उराँव के रूप में किया गया। जिसके सर में चोट आया है। बताया जाता है कि पल्सर मोटरसाइकिल जे एच 08 सी 9981 के चालक अपने घर से घाघरा जा रहा था। तभी अरू पुल के समीप खड़ा बुलेट जे एच 01 सी ई 3984 को टक्कर मार दिया। दीपक उराँव ने बताया कि घाघरा जाने के दौरान अचानक बुलेट चालक गाड़ी को मोड़ दिया जबकि स्थानीय लोगो का कहना है। कि पल्सर चालक की लापरवाही के कारण दुर्घटना हुआ है। बुलेट चालक खड़ा था तभी पीछे से टक्कर मार दिया। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना लाया गया है और अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है।

मूलनिवासी युवा क्लब हेठमा किनकेल चंपाबारी द्वारा हॉकी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : मूलनिवासी युवा क्लब हेठमा किनकेल चंपाबारी द्वारा हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका समापन मैच शनिवार को आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ,ओलिवर लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत माला पहनकर और विशाल मोटरसाइकिल रैली के साथ स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया जहां पर अतिथियों को माला पहनकर स्वागत किया गया। फाइनल मुकाबला अंबाटोली बनाम हिनगीर के बीच में आयोजित की गई।

जहां पर अंबाटोली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो एक से जीत दर्ज की। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में आजकल रोजगार के साधन है ऐसे में सभी लोग मेहनत करते हुए जिला से बाहर तक नाम रोशन करें ताकि आने वाले दिनों में राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर नाम रोशन कर सके। आज इस क्षेत्र को हॉकी की नर्सरी के रूप में जाना जाता है क्योंकि इस क्षेत्र के दर्जनों खिलाड़ियों ने देश-विदेश में जाकर अपना परचम लहराया है और ऐसे में आप सभी को भी उन्हीं के नक्शे कदम पर चलकर आने वाले दिनों में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर पहचान दिलानी। झारखंड पार्टी हमेशा खेल का सराहना किया है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन किया है और हमेशा इन सहयोग करने का काम कर रही है आने वाले दिनों में झारखंड पार्टी इसी प्रकार लोगों को खेल के माध्यम से युवाओं को उनके भविष्य को संवारने में सहयोग करेगी। मौके पर संदेश एक्का ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्त के साथ सभी लोगों को खेल के क्षेत्र में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान समय में खेल के माध्यम से रेलवे हो या विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्पॉट्स कोटा के माध्यम से रोजगार मिल रही है। मौके पर अंबापानी की टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अमन खेस्स, आशीष सिंह, राजेन्द्र माझी, सुरजन नायक, एमदान कुजूर, प्रदीप कुजूर,फिरोज अंसारी, मंच संचालन भुनेस्वर बेसरा, वही आयोजन समिति में मनोज नायक अध्यक्ष ,सचिव पंकज लकड़ा, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर भौय, संरक्षक अनमोल लकड़ा, सुनीता देवी सहित सभी लोगों की भूमिका रही।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में रक्षा सूत्र बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से कक्षा दशम के बहनों ने भाग ली। प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि स्वयं के प्रयास से बनाया गया रक्षा सूत्र भाई बहनों का स्नेह प्रेम का प्रतीक होता है। वही कार्यक्रम प्रमुख प्रतिभा बहन द्वारा सभी प्रतिभागी बहनों को रक्षा सूत्र बनाने के लिये व्यवस्था प्रदान किया गया। साथ ही निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतिभागी को अंक प्रदान कर कुल अंक के आधार पर विजयी प्रतिभागियों का परिणाम निकाला गया। जिसमें प्रथम स्थान बहन काजल कुमारी कक्षा सप्तम, द्वितीय स्थान बहन जागृति कुमारी कक्षा अष्ठम, एवं तृतीय बहन संध्या कुमारी कक्षा दशम सभी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य द्वारा शुभकाममाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिये कामना किया गया। और साथ ही कहा कि प्रतियोगिता की भावना से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। और भविष्य में कुछ करने का लालसा होता है। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या के योगदान रहा। मौके पर प्रतिभा देवी, शुषमा देवी, डॉली कविता, संध्या कुमारी, गंगा कुमारी, मालती कुमारी, मीना देवी, चांदनी कुमारी, प्रेमशीला उराँव, जयप्रकाश सिंह, राजकिशोर उराँव के अलावे सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

हेमा मालिनी भी फिल्म में करेंगी किसिंग सीन



मुंबई : करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को रिलीज हुए एक महीना हो गया है। इस फिल्म में धर्मेंद्र और शबाना के बीच किसिंग सीन है। ये किसिंग सीन काफी चर्चा में रहा था। कुछ दिन पहले धर्मेंद्र की दूसरी पत्नी और एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने इस किसिंग सीन पर रिएक्शन दिया था। अब हेमा मालिनी ने इस बात का खुलासा किया है कि क्या वह अपने पति धर्मेंद्र की तरह स्क्रीन पर किसिंग सीन करेंगी। मीडिया को दिए इंटरव्यू में हेमा मालिनी से पूछा गया कि क्या वह धर्मेंद्र-शबाना आजमी की तरह ऑनस्क्रीन किसिंग सीन करने में सहज हैं। तब हेमा मालिनी ने जवाब दिया, क्यों नहीं, बिल्कुल करूंगी। अगर यह फिल्म के लिए अच्छा और प्रासंगिक है तो शायद मैं इसे कर सकती हूं। कुछ दिनों पहले हेमा मालिनी ने फिल्म में धर्मेंद्र और शबाना आजमी के किसिंग सीन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, मैंने अभी तक धरमजी और शबाना आजमी का किसिंग सीन नहीं देखा है। मुझे यकीन है कि लोगों को यह फिल्म पसंद आएगी। मैं धरमजी के लिए बहुत खुश हूं क्योंकि उन्हें हमेशा कैमरे के सामने रहना पसंद है। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं। जया बच्चन, शबाना आजमी, धर्मेंद्र भी अहम भूमिका में हैं।

मृदुल लिकटेंस्टीन में भारत के राजदूत नियुक्त

नई दिल्ली : स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी मृदुल कुमार को बर्न में निवास के साथ लिकटेंस्टीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि मृदुल कुमार (आईएफएसः1992), जो वर्तमान में स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत हैं, उन्हें समवर्ती रूप से बर्न में निवास के साथ लिकटेंस्टीन की रियासत में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

सीतारमण ने ब्रिटेन की व्यापार मंत्री से निवेश और एफटीए पर की चर्चा

नई दिल्ली : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय निवेश और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच की यहां मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया।

बीसी सखी गांव-पंचायत की चलती-फिरती बैंक

*** ग्रामीणों को अब अपने चौखट पर ही मिल रही बैंकिंग सेवाएं**

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: चिंतामणी देवी ने अपने गांव-पंचायत में एक गृहिणी के साथ-साथ एक कुशल बिजनेस कौरस्पोंडेंट सखी के रूप में पहचान बनाई है। रांची के बुडमू प्रखंड के कटंगदिरी गांव की चिंतामणी देवी को आज लोग बैंक वाली दीदी कहकर बुलाते हैं। अब कटंगदिरी गांव के ग्रामीणों को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उनका बैंक अब चिंतामणी बन चुकी है। चिंतामणी की आत्मनिर्भरता की कहानी गुलाब-जल स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के साथ शुरू होई। इसके बाद चिंतामणी जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग से मिले सहयोग एवं प्रशिक्षण की बदौलत आज बैंक ऑफ इंडिया में बीसी सखी के रूप में कार्य करने लगी। अब वह गांव-गांव घूमकर लोगों को बैंकिंग सेवाएं यथा जमा-निकासी, समूह का ट्रांज़ैक्शन, खाता खोलना, पेंशन एवं बीमा सेवाएं प्रदान कर रहीं है। इस कार्य से चिंतामणी ने जहां अपनी आजीविका सुनिश्चित की, वहीं बीसी सखी की सेवाओं से सबसे ज्यादा फायदा पेंशन धारकों को हुआ है। चाहे वह वृद्धावस्था हो या दिव्यांग पेंशन। अब लाभार्थियों को उनका पैसा घर बैठे मिल रहा है।

बीमा के प्रति जागरूक हुए ग्रामीण: चिंतामणी जैसी करीब 4950 से ज्यादा झारखण्ड की ग्रामीण महिलाओं को जेएसएलपीएस द्वारा प्रशिक्षित कर बीसी सखी के रूप तैयार किया गया है, जो गांव-गांव, पंचायत-पंचायत बैंकिंग एवं बीमा सेवाएं पहुंचा रहीं है। बीसी सखी के वजह से अब ग्रामीणों में बैंकिंग एवं बीमा के प्रति जागरूकता बड़ी है।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की घोषणा खुशी की बातः शाह

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने चन्द्रयान-3 की सफलता के दिन 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया है। यह हम सब के लिए खुशी की बात है।शाह ने शनिवार को कहा कि 23 अगस्त भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि यह उसके चंद्र मिशन चंद्रयान 3 की उपलब्धि का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इसे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया, ताकि इस मिशन के पीछे भारत के वैज्ञानिकों की सफलता की कहानी हर आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे। यह निर्णय भारतीय वैज्ञानिकों को तिरंगे के गौरव को ऊंचा रखते हुए अंतरिक्ष खोज के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। शाह ने कहा कि एक सच्चा नेता हर परिस्थिति में अपने लोगों के साथ खड़ा रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के सफल चंद्र मिशन, चंद्रयान-3 से जुड़े इसरो वैज्ञानिकों से मिलने के लिए आज सुबह ग्रीस से सीधे बेंगलुरु पहुंचे। बेंगलुरु में वैज्ञानिकों को उनका प्रेरणादायक संबोधन भारत की आसमान छूने वाली शानदार उपलब्धि का गुणगान था।

सीबीडीटी ने आयकर विभाग की नई वेबसाइट लॉन्च की

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने शनिवार को आयकर विभाग की नई संशोधित वेबसाइट www.incometa&india.gov.in लॉन्च की। आयकर विभाग ने अपनी वेबसाइट को आयकरदाताओं के अनुकूल इंटरफेस, मूल्य वर्धित सुविधाओं और नए मॉड्यूल के साथ नया रूप दिया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आयकर विभाग की नई संशोधित राष्ट्रीय वेबसाइट www.incometa&india.gov.in उदयपुर में लॉन्च की गई।

सीबीडीटी के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने उदयपुर में आयकर निदेशालय (सिस्टम) द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में इसे लॉन्च किया। विभाग ने इसे करदाताओं के अनुभव को बढ़ाने और नई तकनीक के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए नया रूप दिया है।

यह नई वेबसाइट कर और अन्य संबंधित जानकारी के व्यापक भंडार के रूप में कार्य करती है। साथ ही यह प्रत्यक्ष कर कानूनों, कई अन्य संबद्ध अधिनियमों, नियमों, आयकर परिपत्रों और अधिसूचनाओं तक पहुंच प्रदान करता है, जो सभी क्रॉस-रेफर्ड और हाइपरलिंक्ड है। मंत्रालय के मुताबिक यह साइट एक करदाता सेवा मॉड्यूल भी प्रदान करती है जिसमें करदाताओं को उनके आयकर रिटर्न दाखिल करने में सहायता करने के लिए विभिन्न कर उपकरण शामिल हैं।

वेबसाइट पर आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए इन सभी नई सुविधाओं को एक निर्देशित वर्चुअल टूर और नए बटन संकेतकों के माध्यम से समझाया गया है।

चुनार-चोपन रेलवे मार्ग का होगा दोहरीकरण, रेलवे बोर्ड ने दी स्वीकृति

एजेंसी

मीरजापुर : चुनार-चोपन रेल मार्ग के दोहरीकरण की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होगी। रेलवे बोर्ड ने चुनार-चोपन रेल मार्ग के दोहरीकरण के लिए लगभग 1424 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी है। यह कार्य केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री एवं मीरजापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से होने जा रहा है। चुनार-चोपन के बीच लगभग 101.58 किमी लंबी रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए रेलवे बोर्ड के निदेशक (गति शक्ति) दीपक सिंह ने उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के प्रबंधक को स्वीकृति पत्र जारी किया है। वर्ष 2014 में मीरजापुर से सांसद बनने के बाद से ही श्रीमती पटेल चुनार-चोपन रेलवे लाइन के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण को लेकर प्रयासरत रही हैं। उनकी लगातार मांग से ही इस रेलवे लाइन का विद्युतीकरण कार्य संपन्न हुआ और 05 फरवरी 2020 को विद्युतीकरण का लोकार्पण किया। विद्युतीकरण होने के पश्चात इस मार्ग पर एक्सप्रेस ट्रेनों का आवागमन बढ़ गया है और उनकी गति बढ़ गई है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि वर्षों से बहुप्रतीक्षित इस रेल मार्ग के दोहरीकरण होने से मीरजापुर-सोनभद्र एवं आसपास के जनपदों के निवासियों और व्यापारियों को चुनार से चोपन जाना आसान हो जाएगा। व्यापारियों के समय की बचत होगी और काफी कम समय में लोग सोनभद्र पहुंच जाएंगे। इससे दोनों जनपदों में पर्यटन और उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार में वृद्धि होगी।

मुस्लिम महिलाओं ने मोदी राखी बनाकर पेश की मिशाल

*** मुस्लिम महिलाओं ने आरएसएस के नेता इन्द्रेश कुमार के चित्र वाली राखी के साथ चन्द्रयान और अदिविशेश्वर के चित्र वाली भी राखी बनाई**

एजेंसी

वाराणसी : वाराणसी की मुस्लिम महिलाओं ने मोदी राखी बनाकर मोदी विरोधियों को कड़ा संदेश दे दिया है। शनिवार को मुस्लिम महिला फाउण्डेशन एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में लमही के सुभाष भवन में जुटी मुस्लिम महिलाओं ने मोदी के चित्र वाली राखी सितारा और टिक्की के साथ बनाकर समाज में एकता की नई लकीर खींच दी। महिलाओं ने राखी बनाने के साथ प्रधानमंत्री को समर्पित गीत देशवा के खातिर रखिया हमरे बाँधी ल, उमरिया हमरो ले ला ये मोदी भइया। बहिनन के देहला तलकवा से आजादी, सूनी न छोड़ल जाइ तोहार कलइया, हे मोदी जी,ढोलक की थाप पर गाया। इस दौरान मुस्लिम महिलाओं ने तीन तलाक मुक्ति आन्दोलन में सहयोग करने वाले आरएसएस के नेता इन्द्रेश कुमार के चित्र वाली राखी के साथ चन्द्रयान और अदिविशेश्वर के चित्र वाली भी राखी बनाई। मुस्लिम महिलाओं ने समान नागरिक संहिता के नाम की राखी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजकर एक देश, एक कानून की मांग की। मुस्लिम महिला फाउण्डेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुस्लिम बेटियों का ध्यान एक भाई और पिता की तरह रखा। उन्होंने कभी भेद नहीं किया। वर्षों से तीन तलाक की पीड़ा झेल रही मुस्लिम बहनों को तलाक से मुक्ति दिलाकर सम्मान से जीने का अधिकार दिया। हिन्दू-मुसलमानों के साथ होने वाले संघर्षों को खत्म करके श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। चन्द्रयान को भेजकर जो सफलता पाई है उससे पूरी दुनियां ये मानने लगी है कि मोदी है तो मुमकिन है। संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अर्चना भारतवंशी ने कहा कि लोग मोदी में राजनेता देखते हैं, लेकिन भारत की बेटियां उनको अपने बड़े भाई की तरह ही देखती हैं। मोदी राखी जिस भाई की कलाई पर बाँधी जाएगी उसे भी गर्व महसूस होगा। फाउण्डेशन की जिला अध्यक्ष रजिया सुल्ताना ने कहा कि बेटियों की चिंता करने वाला अपना पिता या भाई ही हो सकता है। मोदी हमारे बनारस के हैं, उन पर हमें यकीन है। वह जो भी करेंगे, इस देश के लिए ही करेंगे।

मेघालय में भूस्खलन से मिजोरम, मणिपुर, का सड़क संपर्क टूटा

शिलांग : मेघालय के सोनापुर में एक बार फिर हुए भूस्खलन के कारण एनएच-6 अवरुद्ध हो गया है। इसके कारण फिर से मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा का देश के शेष भागों से सड़क संपर्क टूट गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मेघालय में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण शुक्रवार देर रात को यह भूस्खलन हुआ। शनिवार की सुबह से सड़क पर से मलबा हटाने का कार्य जारी है, लेकिन लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण सड़क पर मलबा आने का सिलसिला भी रुक नहीं रहा है। पहाड़ी से गिरकर मिट्टी सुरंग के सामने के हिस्से में भर चुकी है। इस कारण एनएच-6 सिलचर-बदरपुर लिंक रोड पूरी तरह से बंद हो गया। इसकी वजह से एनएच-6 सिलचर-बदरपुर रूट पर मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा आदि स्थानों के लिए जानेवाली गाड़ियों की कई किलोमीटर तक लंबी कतारें लग चुकी है।

काशी में जी-20 के संस्कृति मंत्रियों की बैठक में विशेष डाक टिकट जारी

एजेंसी

वाराणसी : जी-20 के संस्कृति मंत्रियों की बैठक में शनिवार को भारतीय डाक विभाग ने संस्कृति कार्य समूह पर आधारित विशेष डाक टिकट जारी किया। नदेसर स्थित होटल ताज में आयोजित बैठक में देश-विदेश के 170 प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसे जारी किया गया। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल (पीएमजी) कृष्ण कुमार यादव ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी को डाक टिकटों का प्रथम सेट भेंट किया। इस दौरान केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविन्द मोहन, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक किशोर के. बासा सहित विभिन्न देशों के संस्कृति मंत्री और प्रतिनिधि मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कहा कि डाक टिकट किसी भी राष्ट्र की संस्कृति और विरासत को अन्य देशों से जोड़कर सांस्कृतिक आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है और सांस्कृतिक संदर्भ स्थापित करता है। एक प्रतिष्ठित सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में संस्कृति कार्य समूह पर जारी यह डाक टिकट हमारी सांस्कृतिक भावना को मजबूत करने के साथ वैश्विक संबंधों को एक डोर में बांधने का प्रयास है। काशी में बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत एवं काशी की कला-संस्कृति और विरासत को विश्व पटल पर वृहद् पहचान दिलाने का प्रयास है। पीएमजी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि यह कस्टमाइज्ड माई स्टैम्प अपने सुविचारित-सुरुचिपूर्ण डिजाइन और प्रतीकात्मकता के माध्यम से सहयोग और परस्पर सम्मान की भावना को बढ़ाने की दिशा में संस्कृति के महत्व को रेखांकित करता है। सकल एकता का सूत्र है संस्कृति थीम पर आधारित इस माई स्टैंप की 5 हजार शीट्स मुद्रित की गई हैं जिनमें 60 हजार डाक टिकट उपलब्ध हैं। पीएमजी बताया कि कल्चर यूनाइट्स आल माई स्टैम्प को एक विशिष्ट प्रतीक के रूप में तैयार किया गया है।

ब्लू क्रांति की ओर बढ़ चुका है देश : रुपाला

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी उद्योग मंत्री परषोत्तम रुपाला ने कहा है कि तटीय जल कृषि विधेयक नौ अगस्त को लोक सभा और राज्य सभा में पास हो गया। इसके परिणामस्वरूप अब तटीय जल कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों में व्यापक सुधार होगा। इसके साथ साथ युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। संसद टीवी के साथ संवाद कार्यक्रम में शनिवार को परषोत्तम रुपाला ने कहा कि देश का तटीय क्षेत्र आठ हजार किलोमीटर में फैला हुआ है और दो लाख किलोमीटर का इकॉनामिक जोन है। यहां पर तीन करोड़ से अधिक लोग तटीय जल कृषि से जुड़े हुए हैं। हालांकि पहले इस ओर किसी का ध्यान नहीं था लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मत्स्य, पशुपालन और डेयरी उद्योग को स्वतंत्र मंत्रालय का दर्जा देकर इस सेक्टर में कायाकल्प कर दिया। ऐसे में हालात सुधरने लगे और इन वर्षों में हालात काफी बदले हैं। आंकड़ों के अनुसार देश के कुल मछली उत्पादन में अंतर्देशीय मछली और एक्वाकल्चर का योगदान 75 फ़ीसदी है । वर्ष 1950 में अंतर्देशीय मछली उत्पादन जहाँ दो लाख टन था और वर्ष 2014 तक यह बढ़कर 61 लाख टन हुआ, यह आंकड़ा 2022-23 में बढ़कर 131 लाख टन पर पहुंच गया है। अर्थात आज़ादी के समय से लेकर मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले तक इस क्षेत्र में जितना उत्पादन बढ़ा, उससे कहीं ज़्यादा बढ़ोतरी पिछले नौ वर्षों में ही दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि तटीय जल कृषि विशेषकर मत्स्य उत्पादन पांच साल से लगातार आठ प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहा है। जहां देश ने हरित क्रांति देखी थी, वहीं श्वेत क्रांति भी देखी है और अब देश ब्लू क्रांति की ओर बढ़ चुका है। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थ तंत्र की इस मजबूत कड़ी को एक अदालती निर्णय की वजह से प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद 400 हेचरी और छोटे मोटे एक दो हेक्टेयर की हेचरी चला रहे लाखों किसानों पर घोर संकट आ गया था। अब इस विधेयक के संसद के दोनों सदनों से पास हो जाने के बाद इस तरह की कई कमियां दूर हो जाएंगी। परषोत्तम रुपाला ने कहा कि दुनिया में डेयरी के क्षेत्र में भारत पहले पायदान पर है। मत्स्य उत्पादन और निर्यात में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। झींगा उत्पादन के साथ दरियाई शैवाल और मोती की भी खेती की जा सकेगी। यहां तक कि विश्व में किसी तरह की जलीय मछली की मांग होगी तो उसका उत्पादन किया जा सकेगा। पहले की कमेटी में देश के चार राज्यों का प्रतिनिधित्व था, अब देश के तटीय क्षेत्र के 13 प्रदेशों को प्रतिनिधित्व मिलेगा। इसे विधेयक में जोड़ भी दिया गया है। पुराने कानून में तीन साल की सजा का प्रावधान था, अब इसे नए कानून में दूर कर दिया गया है।

हरियाणा के नूंह में फिर से इंटरनेट सेवाएं बंद, ब्रजमंडल यात्रा के ऐलान के बाद सरकार का फैसला

चंडीगढ़ : नूंह में हिंदू संगठनों द्वारा शोभा यात्रा निकाले जाने के ऐलान के बाद हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में 28 अगस्त तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। सरकार ने यह फैसला जिला उपायुक्त की सिफारिश पर लिया है। हरियाणा के गृह सचिव ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। विश्व हिंदू परिषद द्वारा 28 अगस्त को दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने का ऐलान किया गया है। नूंह जिला प्रशासन ने हालात को देखते हुए यह यात्रा स्थगित करने का सुझाव देते हुए अधिकारिक मंजूरी नहीं दी है। हिंदू संगठन शोभा यात्रा निकालने पर अड़े हुए हैं। इसी के चलते नूंह के जिला उपायुक्त ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सरकार से इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाने की सिफारिश की थी।

नए भारत के संकल्प को प्रकट करता है शिवशक्ति प्वॉइंट : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

लखनऊ : इसरो के कमांड सेंटर में चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों के साथ मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन बड़ी घोषणाओं पर मुख्यमंत्री योगी ने हर्ष जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 अगस्त को हर साल भारत नेशनल स्पेस डे मनाने, चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, उसे शिव-शक्ति पॉइंट और चांद पर चंद्रयान-2 के पद चिन्हों वाले पॉइंट का नाम तिरंगा रखने की घोषणा की। प्रधानमंत्री की इन घोषणाओं पर मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस विषय पर एक के बाद एक कुल तीन पोस्ट किए और सभी पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए उनकी घोषणाओं को विश्व कल्याण के प्रति नए भारत का संकल्प करार दिया। देश में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रचनात्मक व प्रेरक वातावरण निर्मित करेगाएम नेशनल स्पेस डे नेशनल स्पेस डे की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चंद्रमा पर तिरंगा फहराने की अभूतपूर्व उपलब्धि की प्रेरणादायी स्मृति को देश वासियों के मन में सदैव जीवंत रखने के अब हर वर्ष 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए इस निर्णय से देश में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति एक रचनात्मक व प्रेरक वातावरण निर्मित होगा। प्रधानमंत्री का आभार। अपने दूसरे सोशल मीडिया पोस्ट पर मुख्यमंत्री योगी ने चंद्रयान-2 के विषय में की गई घोषणा पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपने पदचिह्न छोड़े हैं, उस प्वाइंट का तिरंगा नामकरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विफलता से कभी भी न हारने का संदेश देशवासियों को

*** चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों के साथ मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन बड़ी घोषणाओं पर मुख्यमंत्री योगी ने जताया हर्ष**

दिया है। दृढ़ इच्छाशक्ति, जिजीविषा एवं सतत प्रयत्न का प्रतीक यह तिरंगा प्वाइंट भारत के हर प्रयास की प्रेरणा बनेगा। जय हिंद! चंद्रयान-3 के लैंडर ने जिस स्थान पर लैंड किया है, उसका नामकरण भगवान शिव के नाम पर करने पर खुशी जाहिर करते हुए सीएम योगी ने कहा कि चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण करने वाले शिव के नाम में ही कल्याण की भावना अंतर्निहित है। जिस स्थान पर चंद्रयान-3 का मून लैंडर उतरा है, उस प्वॉइंट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिवशक्ति नामकरण विश्व कल्याण के प्रति नए भारत के संकल्प को प्रकट करता है।